मध्यभारतीय भाषा-चयन

संपादक

डॉ० वीरमणि प्रसाद उपाध्याय

एम० ए०, एल्-एल्० बी०, डी० लिट्०, साहित्याचार्य,

प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय प्रकाशन

प्राक्कथन

प्रस्तुत चयन मध्यभारतीय भाषा के विकास के तिथिक्रम और वैविध्य को ध्यान में रखकर किया गया है। एण्डर्सन के 'पालि रीडर' तथा डॉ० सुकुमारसेन के 'मिडिल इण्डो आर्यन रीडर' से इस चयन में विशेष रूप से प्रेरणा ली गयी है। अभी तक नागरी लिपि में इन मध्य भारतीय भाषाओं का उपयोगी संग्रह एक ही जगह नहीं किया गया था। इसी कमी की पूर्ति के लिए प्रस्तुत चयन किया गया है। स्पष्ट रूप से इसके पीछे भारतीय भाषा के एम०ए० में अपेक्षित ज्ञान की सामग्री देना है। इसीलिए इसके प्रारम्भ में मध्य भारतीय भाषा के विकास का संक्षिप्त क्रम बतलाया गया है। पालि का क्रमिक विकास अधिक ब्योरे में बतलाया गया है कि प्राकृत अपभ्रंश में उसका उस अंश तक अनुसरण ही अधिक है। जहाँ उससे आगे परिवर्तन की कोई दिशा है, वहीं उसे प्राकृत एवं अपभ्रंश में सम्बन्धित अध्याय में देने की कोशिश की गयी है। ग्रन्थ के विस्तार के भय से प्राकृत एवं अपभ्रंश का इतिहास संकेतित मात्र लिख छोड़ दिया गया है।

अन्त में कठिन शब्दों पर भाषा-विज्ञान की दृष्टि से टिप्पणी भी दे दी गयी है।

यह संग्रह गोरखपुर विश्वविद्यालय की संस्कृत परिषद् द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। इसकी पांडुलिपि तैयार करने में हमारे प्रिय छात्र करुणेश शुक्ल एवं सुशीलप्रकाश नागर ने बड़ी तत्परता से सहायता दी, इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

विश्वविद्यालय प्रकाशन के अधिष्ठाता श्री पुरुषोत्तमदास मोदी ने बहुत ही धैर्य के साथ अनेक असुविधाओं के रहते हुए भी इसे प्रकाशित कराया, इसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं। सामग्री के सम्पादन में हमें अपने सहकर्मियों से सहायता मिली है। उन्हें धन्यवाद देना अपने को ही धन्यवाद देना है।

हमें विश्वास है, यह संग्रह विश्वविद्यालयों में उपयोगी सिद्ध होगा।

—वीरमणिप्रसाद उपाध्याय

विषय-क्रम

१. मध्य भारतीय भाषाएँ ... १
२. पालि भाषा ... ६
३. पालिकी वर्ण संघटना ... १६
४. सन्धि ... २५
५. रूप-संघटना ... २८
६. धातु रूप ... ३९
७. शब्द-रचना ... ४७
८ अभिलेखीय प्राकृत ... ५०
९. साहित्यिक प्राकृत भाषाएँ ... ५५
१०. अपभ्रंश ... ६२

पालिसंगहो

१. मायादेविया सुपिनं ... १
२. गोतमस्स उप्पादो ... ३
३. महाभिनिक्खमनं ... ५
४. महापरिनिब्बानं ... ८
५. समावत्तना ... ११
६. सम्मादिट्ठी ... १४
७. अनत्तवादो ... १५
८. धम्मपदसंगहो ... १९
९. लंकाविजयो ... २२
१०. निग्रोधमिगजातको ... २६

११. जवसकुणजातको ... ३०
१२. ससजातको ... ३२
१३. बावेरुजातको ... ३६
१४. सुप्पारकजातको ... ३८
१५. पटिच्चसमुप्पादो ... ४३
१६. धम्मचक्क-पवत्तन-सुत्त ... ४४
१७. धनिय-सुत्त ... ४५
१८. मालुङ्कपुत्त गाथा ... ४७
१९. महाप्रजापतिगोतमी गाथा ... ४८

प्राकृतापभ्रंशसंग्रहः

१. अशोकाभिलेखः ... ५१
२. अशोकस्य भब्राभिलेखः ... ५४
३. सोहगौराताम्रपत्रम् ... ५५
४. हेलियोडोरस्य बेसनगराभिलेखः ... ५६
५. खारबेलस्य हाथीगुम्फाभिलेखः ... ५७
६. वक्नपतेः मथुराभिलेखः ... ५८
७. नासिकगुहाभिलेखः ... ५९
८. कीत्तिशर्मणः पत्रं ... ६०
९. राजानुदेशः ... ६१
१०. अप्रमादरतिः भिक्षुधर्मश्च ... ६३
११. अहिंसा ... ६५
१२. महावीर-जन्म ... ६६
१३. मूलदेव-कथा ... ६७
१४. कक्कुकाभिलेखः ... ६९
१५. महावीरस्य परिव्रजनम् ... ७१
१६. वसुदत्तकथा ... ७३

१७. स्वप्नवासवदत्तम्	...	७७
१८. अभिज्ञान शाकुन्तलम्	...	८१
१९. गाहासत्तसई	...	८४
२०. पाहुडदोहा	...	८७
२१. भविसयत्तकहा	..	८८
२२. वज्जालग्गम्	...	८९
२३. सन्देशरासकम्	...	९०
२४. कीर्त्तिलता	...	९२
२५. प्राकृत पैङ्गलम्	...	९३
२६. रत्नावली	...	९६
२७. कर्पूरमञ्जरी	...	९८
२८. गउडवहो	...	१०१
२९. मृच्छकटिकम्	...	१०३
३०. अपभ्रंशमुक्तकसंग्रहः	...	१०८
३१. रावणवहो	...	११०
टिप्पणी	...	१११

१

मध्य भारतीय भाषायें :

१.०–भारोपीय भाषा परिवार में भारतीय ईरानी शाखा एक प्रमुख शाखा है और इसमें भारोपीय भाषा परिवार का प्राचीनतम साहित्य सुरक्षित है। इस भारतीय ईरानी शाखा की तीन उपशाखायें हैं—

(१) भारतीय आर्य शाखा,

(२) ईरानी शाखा,

(३) दर्दी शाखा।

भारतीय आर्य शाखा का ऐतिहासिक विवेचन करते समय हमें उसकी तीन अवस्थायें दृष्टिगोचर होती हैं—

(१) प्राचीन आर्य भाषाकाल, जिसके अन्तर्गत वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत एवं वे लुप्तप्राय विभाषायें आती हैं जिनका उत्तराधिकार बाद की कुछ प्राकृतों ने लिया है।

(२) मध्य भारतीय भाषाकाल, जिसके अन्तर्गत पालि, प्राकृत (अभिलेखीय साहित्यिक प्राकृत, नियाप्राकृत, खोतानी प्राकृत) तथा अपभ्रंश एवं अवहट्ठ भाषायें आती हैं।

(३) आधुनिक आर्य भाषाकाल जिसमें महाराष्ट्री, कोंकणी, सिंहली, गुजराती, पंजाबी, उड़िया, बंगला, असमिया, नेपाली, नेवारी, मैथिली, भोजपुरी, मगही, अवधी (उत्तरी, मध्य-बघेली, दक्षिणी-छत्तीसगढ़ी) ब्रज, कन्नौजी, बुन्देली, मालवी, नीमाड़ी, राजस्थानी, लँहड़ा, गढ़वाली, कुमायूँनी, कौरवी (खड़ी बोली), हरियानी, प्रभृति भाषायें और विभाषायें आती हैं। यहाँ हम

मध्य भारतीय भाषा का ही विवेचन करने जा रहे हैं। तिथि-क्रम के अनुसार ईसा से ४०० वर्ष पूर्व से लेकर ईसा के बाद लगभग १००० वर्ष तक मध्य भारतीय भाषाओं का समय कहा जा सकता है, यद्यपि इसके बाद भी अवहट्ठ में साहित्यिक रचना होती रही है। मध्य भारतीय भाषायें आधुनिक आर्य भाषाओं की पूर्ववर्त्तिनी होती हुई भी संघटना में उनसे तीन मानों में भिन्न हैं। पहला तो यह है कि मध्य भारतीय भाषाओं की वर्ण-संघटना संस्कृत से बिलकुल ही विलग है, जब कि आधुनिक आर्य भापाओं की वर्ण-संघटना पर संस्कृत की वर्ण-संघटना का गहरा प्रभाव सांस्कृतिक पुनरुत्थान के कारण पड़ा है और उसमें दो संघटनाओं के संश्लेष से नयी संघटना का प्रादुर्भाव हुआ है। दूसरा यह कि आधुनिक आर्य भाषाओं में तिङन्त रूप का स्थान बिलकुल ही कृदन्त ने ले लिया है, जब कि मध्य भारतीय आर्य भाषा में तिङन्त के अवशेष काफी मात्रा में हैं, और तीसरा यह कि शब्द-समूह की दृष्टि से मध्य भारतीय आर्य भाषाओं में संस्कृत से शब्द ज्यों के त्यों लेने की प्रवृत्ति प्रायः नहीं के बराबर है, जब कि आधुनिक आर्य भाषाओं का शब्दकोश का अधिकांश भाग संस्कृत शब्दों से ही बना है। प्राचीन आर्य भाषा से मध्य भारतीय आर्य भाषायें वर्ण-संघटना और रूप-संघटना दोनों में नयी दिशा की ओर संकेत करती हैं। वर्ण-संघटना में ये संयुक्त व्यंजनों की संघटना में अधिक समीकृत है और रूप-संघटना में ये वैरूप्य से सारूप्य की ओर जाने लगी है।

१.१—मध्य भारतीय आर्य भाषा के भी तीन काल विभाजित किये जा सकते हैं—पूर्व मध्य भारतीय आर्य भाषाकाल, जिसका समय ४०० ईसा पूर्व से लेकर ईसा तक माना जा सकता है और जिसके अन्तर्गत पालि तिपिटक एवं अशोक के अभिलेखों

की भाषा का परिगणन किया जा सकता है; दूसरा—द्वितीय मध्य भारतीय भाषाकाल जो ईसा से लेकर ईसा के ५०० वर्ष तक माना जा सकता है और जिसके अन्तर्गत शक, सातवाहन, एवं कुषाण अभिलेखों की भाषा, निया प्राकृत, बौद्ध संस्कृत एवं साहित्यिक प्राकृत भाषायें गिनाई जा सकती हैं। इसमें अपभ्रंश का प्रारम्भिक युग भी आता है। तीसरा—तृतीय मध्य भारतीय भाषा काल ५०० वर्ष ईसा से लेकर १००० के बीच का कहा जा सकता है और इसके अन्तर्गत बाद की कृत्रिम साहित्यिक प्राकृत भाषाओं तथा अपभ्रंश एवं अवहट्ठ भाषाओं का परिगणन किया जा सकता है। एक बात स्मरण रखने योग्य है कि हमें अभिलेखों की भाषा को छोड़कर जिन अन्य भाषा के लिखित रूप मिलते हैं, वे सर्वांश में विश्वसनीय नहीं हैं। उनमें मनमाने ढंग से परिवर्त्तन समय-समय पर होते रहे हैं, साथ ही उनमें भाषा का बोला जानेवाला रूप इतना नहीं है, जितना उसका बँधा हुआ कृत्रिम रूप। यही कारण है कि भौगोलिक दृष्टि से इन भाषाओं का विभाजन जो वररुचि ने 'प्राकृत प्रकाश' में किया है वह बहुत अंश तक सही होते हुए भी बाद के इतिहास को ध्यान में रखते हुए कहीं-न-कहीं अधूरा लगता है।

१.२—मध्य भारतीय भाषा का सबसे पहला व्याकरण 'प्राकृत प्रकाश' है, जिसके रचयिता वार्त्तिककार वररुचि से भिन्न है और इनका समय ईस्वी की पहली शताब्दी में निर्धारित किया जाता है। मार्कण्डेय के प्राकृत-सर्वस्व में भरत, शाकल्य और कोहल ये तीन नाम प्राकृत वैयाकरणों के मिलते हैं, किन्तु इनके व्याकरण मिलते नहीं हैं। इस 'प्राकृत प्रकाश' पर अलंकार शास्त्र के रचयिता भामह की टीका 'मनोरमा' मिलती है। उसकी दूसरी टीका 'प्राकृत-मंजरी' भी मिलती है। दूसरा प्रसिद्ध व्याकरण चंड का 'प्राकृत लक्षण' है। होयर्नले ने चंड को वररुचि और

हेमचन्द्र से पुराना माना है, परन्तु चण्ड ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि मैं यह ग्रन्थ "वृद्धमतात्" तैयार करना चाहूँगा, तथा उन्होंने महाराष्ट्री, जैन महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैन शौरसेनी इन चारों के वर्णन दिये हैं। इससे यह द्योतित होता है कि वे वररुचि के परवर्त्ती हैं। प्राकृत पर तीसरा प्रसिद्ध व्याकरण हेमचन्द्र द्वारा रचित है। इसका समय १२ वीं शताब्दी है। हेमचन्द्र ने इस व्याकरण पर दो टीकाएँ लिखी हैं, वृत्ति एवं लघुवृत्ति। एक तरह से वररुचि और चण्ड दोनोंके काम को ये पुष्ट करनेवाले हैं। प्राकृत का चौथा व्याकरण 'संक्षिप्त सार' है, जो क्रमदीश्वर की रचना है। क्रमदीश्वर ने इस पर स्वयं टीका लिखी है। पाँचवाँ व्याकरण मल्लिनाथ के पुत्र त्रिविक्रम-देव की रचना है। त्रिविक्रमदेव ने हेमचन्द्र को ही अपना प्रमाण माना है। इनका समय १३ वीं शताब्दी है। प्राकृत भाषा का अन्तिम महत्त्वपूर्ण व्याकरण मार्कण्डेय कवीन्द्र का 'प्राकृत सर्वस्वम्' है, इनका समय १७वीं शताब्दी है। उन्होंने महाराष्ट्री, जैन महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैन शौरसेनी के अतिरिक्त अन्य प्राकृत बोलियों के नामों का भी विवरण दिया है। इन मुख्य व्याकरणों के अलावा रामतर्क वागीश का प्राकृत कल्पतरु एवं अप्पय दीक्षित का प्राकृत मणिदीप भी उल्लेखनीय है। ब्लाख ने प्राकृत वैयाकरणों की मान्यता के बारे में गहरा सन्देह प्रकट किया है। पिशेल उससे सहमत नहीं हैं। आधुनिक युग के प्राकृत भाषा के मर्मज्ञों का विवेचन करते समय हम इन नामों को नहीं भूल सकते। सन् १८३६ में होयफर ने प्राकृत व्याकरण पर सबसे पहली पुस्तक प्रकाशित की। लास्सन ने १८३९ में शौरसेनी प्राकृत के अध्ययन पर आधृत प्राकृत भाषा का व्याकरण प्रकाशित किया। वेबर ने महाराष्ट्री और अर्धमागधी पर काम किया है। म्यूलर ने अर्धमागधी

पर तथा याकोबी ने जैनमहाराष्ट्रीय पर महत्त्वपूर्ण काम किया। होयर्नलेने प्राकृत व्युत्पत्ति शास्त्र के इतिहास पर कार्य किया। इसके बाद पिशेल के प्रसिद्ध व्याकरण का नाम आता है, जो निश्चय रूप से अब तक के कार्यों में बहुत ठोस कार्य है। डॉ० सुकुमार सेन का मध्य भारतीय भाषा पर तुलनात्मक व्याकरण भी एक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है। पालि के व्याकरणों के तीन भाग किये जा सकते हैं—(१) कच्चायन सम्प्रदाय के ग्रन्थ, बालावतार एवं रूपसिद्धि, (२) मोग्गलान सम्प्रदाय के ग्रन्थ जिसके अन्तर्गत मोग्गलान का व्याकरण 'पयोगसिद्धि', 'पद साधन' जैसे ग्रन्थ आते हैं, (३) सद्दनीति सम्प्रदाय के अन्तर्गत आनेवाले ग्रन्थ; ये सभी ग्रन्थ सिंहल में रचे गये ग्रन्थ हैं और पुराने पालि व्याकरणों पर आधारित हैं। सद्दनीति-सम्प्रदाय भर बर्मा में फैलनेवाला सम्प्रदाय है। पालि पर आधुनिक युगमें सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य गाइगर का है। जो मिनायेफ, म्यूलर और फ्रांक के व्याकरणों के बाद की रचना है और इन दोनों से अधिक सुव्यवस्थित एवं पूर्ण है। बौद्ध संस्कृत पर एडगर्टन, अभिलेखीय प्राकृतों पर मेहेन्दले तथा अपभ्रंश पर तगारे ने अधुनातन दृष्टि से जो कार्य किया है उनका भी उल्लेख आवश्यक है।

२

पालि भाषा

२.०—पहले हम पालि भाषा की संघटना पर विचार करना चाहेंगे। पालि शब्द की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में पाँच मत मुख्य रूप से दिये जाते हैं—

(१) पंक्ति> पन्ति> पत्ति> पल्लि> पालि, यह व्युत्पत्ति पं० विधुशेखर भट्टाचार्य ने दी है जो, इतनी कष्टकर और दूरकृष्ट है कि ध्वनिविकास की दृष्टि से असम्भव प्रतीत होती है।

(२) पाटलिपुत्र> पालिबोथ्र (ग्रीक नाम)> पालि पाटलिपुत्र की भाषा), यह व्युत्पत्ति मैक्स वालेसर ने दी है। चूँकि ग्रीक शब्दान्तर के आधार पर भारतीय भाषा का नाम पड़ना बड़ा अस्वाभाविक प्रतीत होता है, इसलिए यह मत भी मान्य नहीं हो सकता।

(३) पर्याय> पलियाय> पालि, यह व्युत्पत्ति भिक्षु जगदीश काश्यप ने दी है। उन्होंने इसका आधार पलियाय शब्द के अशोक के भब्रा अभिलेख में प्रयोग एवं स्वयं पालि तिपिटक में प्रयोग माना है। परन्तु पलियाय से पालि, यह व्युत्पत्ति भी बहुत दूराकृष्ट है। (४) चौथा मत पल्ली (ग्राम) को पालि की व्युत्पत्ति मानता है, पर पालि भाषा नगर की भाषा नहीं थी, इसमें कोई निश्चित प्रमाण जबतक नहीं मिले, तबतक यह मत भी मान्य नहीं हो सकता। (५) अन्तिम मत √पा + लि या √पाल् + इ ने पालि की व्युत्पत्ति बतलाता है। इनके अनुसार पालि शब्द थेरवाद सम्प्रदाय की धर्मनिधि के रक्षक माध्यम के लिये

प्रयुक्त हुआ। यह मत सबसे अधिक समीचीन जान पड़ता है।

२.१ इस पालि भाषा के सम्बन्ध में दूसरा विवाद इसके भौगोलिक जन्मस्थान के बारे में है। (१) सिंहल की अनुश्रुति में पालि मगध की भाषा है। वहाँ इसे मागधिक भाषा कहा गया है। और मागधी को इसीलिए वहाँ मूल भाषा भी कहा गया है। बुद्धघोष ने चुल्लवग्ग की टीका में इस ओर स्पष्ट रूप से संकेत किया है। इस मत के विरुद्ध अभिलेख के प्रमाण के आधार पर ये अकाट्य आपत्तियाँ की जाती हैं—

(क) र से ल में परिवर्तन की सार्वत्रिकता पालि भाषा में नहीं पाई जाती। (ख) अकारान्त प्रातिपदिक के प्रथमा एक वचन के रूप में–ओ के स्थान पर-ए सर्वथा नहीं पाया जाता और (ग) इस भाषा में श का नितान्त अभाव है, जो साहित्यिक मागधी का एक विशेष लक्षण है।

(२) वेस्टर गार्ड और कुह्न ने पालि को उज्जयनी की भाषा माना है। उन्होंने बिना पक्ष के समर्थन में दो तर्क उपस्थित किया है—एक तो यह है कि सिंहल का पालि तिपिटक से लिया जानेवाला महेन्द्र की जन्मभूमि उज्जयिनी थी और दूसरे यह कि गिरनार की भाषा की संघटना को पालि भाषा का मेल बहुत अंश तक खाता है। फ्रांक ने भी लगभग यही निष्कर्ष निकाला है और उन्होंने विन्ध्य के पश्चिमी और मध्य भाग में पालि का जन्मस्थान स्वीकार किया है। (३) तीसरा मत ओलडेनबर्ग का है, जो उसे कलिंग की भाषा मानते हैं, वे महेन्द्र की कथा को अनैतिहासिक मानते हैं और कलिंग के माध्यम से ही सिंहल में पालि अनुश्रुति के पहुँचने पर बल देते हैं। साथ ही हाथी गुंफा अभिलेख की भाषा से सादृश्य पाकर वे अपना मत पुष्ट करते हैं। उनका समर्थन म्यूलर ने भी किया है। (४) रीजडेविड्स ने कोशल प्रदेश को पालि की उद्भव भूमि

माना है। (५) इनके विपरीत विंडिश और गाइगर ने यह मत प्रतिपादित किया है कि (i) पालि भारत के विभिन्न भागों की विभाषाओं से तत्त्व ग्रहण करके एक साहित्यिक भाषा के निर्माण का फल है। (ii) पालि तिपिटक की रचना विभिन्न संगीतियों में मौखिक अनुश्रुति के अनन्तर हुई है, जिसके कारण भाषा में अनेक परिवर्तन अपने आप हो गये हैं और (iii) पालि तिपिटक उसकी जन्मभूमि से भिन्न देश में लिखा गया है, इसीलिए पालि भाषा एक भाषा न होकर अनेक भाषाओं का मिश्रण है। पालि साहित्य की भाषा में इसी से संघटना की एकरूपता नहीं मिलती। पर इससे यह नहीं समझना चाहिए कि इसका मुख्य आधार कोई बोली थी ही नहीं। निश्चित रूप से मध्य देश की ही बोली इसका मुख्य आधार थी। दूसरी बोलियों के प्रभाव गौण रूप से इसमें पाये जाते हैं। इसमें र के स्थान पर ल और ल के स्थान पर र दोनों प्रकार के प्रयोग मिलते हैं। इसी प्रकार नामरूप में ओ के स्थान पर—ए भी कहीं-कहीं मिलता है। र के साथ के संयुक्ताक्षर प्रायः समीकृत हो गये हैं, पर कहीं-कहीं मिलते भी हैं। इन सब उदाहरणों से स्पष्ट है कि पालि भाषा एकजातीय भाषा न होकर अनेक विजातीय भाषाओं के मिश्रण का परिणाम है। यह मत पालि की ऊपर स्वीकृत व्युत्पत्ति के साथ संगति भी रखता है। वस्तुतः पालि का भाषा के अर्थ में प्रयोग मुख्य न होकर गौण है।

२.२—पालि साहित्य के तीन विभाजन किये जाते हैं—(१) सम्प्रदाय, (२) सम्प्रदायेतर और (३) प्राविधिक। सम्प्रदाय-साहित्य के अन्तर्गत तिपिटक आता है, जिसके संकलनका कार्य बुद्ध की निर्वाण तिथि (४८३ ईसा पूर्व) से प्रारम्भ होकर लगभग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व तक चलता रहा। यह कार्य बुद्ध के निर्वाण के अनन्तर जुटी प्रथम संगीति में प्रारम्भ हुआ

और अनुमानतः विनय के पातिमोक्ख नियम एवं सुत्तपिटक के प्राचीन सुत्तों का संकलन इस संगीति में हुआ। ३८३ ईसा पूर्व में वैशाली में दूसरी बौद्ध संगीति हुई, जिसमें महासांघिक सम्प्रदाय अलग हुआ। इस संगीति में सुत्तपिटक एवं विनयपिटक का विस्तार हुआ होगा। तीसरी संगीति अशोक के राज्यकाल में हुई और उसमें तिस्समोग्गलिपुत्त ने कथावत्थुप्पकरण का पाठ किया। इससे यह ज्ञापित होता है कि अभिधम्म का संकलन इस तीसरी संगीति में हुआ। यही थेरवाद सम्प्रदाय की धार्मिक निधि बनी। इसके तीन संस्करण मिलते हैं। स्यामी लिपि में पहले यह ३९ भागों में राजा चूललोंग के द्वारा प्रकाशित हुआ, बाद में जातक, अवदान, विमान वत्थु, पेतवत्थु थेरगाथा, बुद्ध वंश तथा चरियापिटक के साथ ४५ भागों में पुनः बंकाक से यह मुद्रित हुआ। दूसरा संसकरण बर्मी लिपि में हथवड्डी प्रिटिंग वर्क्स द्वारा २० भागों में रंगून में प्रकाशित हुआ। इसमें सुत्तपिटक का दीघ निकाय भर है, शेष दोनों पिटक पूरे हैं। अभी बुद्ध की २५०० वें वार्षिक समारोह के अवसर पर बर्मी लिपि में पूरा पालि तिपिटक मुद्रित हुआ है। तीसरा संस्करण सिंहली लिपि में प्राप्य है। लंदन की पालिटेक्स्ट सोसाइटी ने रोमन लिपि में इन्हें प्रकाशित कराया। अभी हाल ही में नालन्दा इन्स्टीट्यूट ने नागरी लिपि में २० भाग पालितिपिटक के मुद्रित कराये हैं।

२.३—पालि सम्प्रदाय साहित्य के तीन प्रकार के विभाजन दक्षिण की अनुश्रुति में मिलते हैं, तीन पिटकों में, पाँच निकायों में एवं नव अंगों में। पाँच निकायों में विभाजन सबसे पुराना है। दूसरे सम्प्रदायों में इन निकायों के स्थान पर आगम मिलते हैं। अंगों में विभाजन शुद्ध रूप से रचना-रीति पर आधारित हैं, यह विभाजन है—सुत्त (बुद्ध की वार्तायें), गेय्य (गद्य एवं पद्य मिश्रित भाग) वेय्याकरण (अभि धम्म

तथा कुछ अन्य ग्रन्थ), गाथा (पद्य भाग) उदान, इतिवुत्तक, जातक (ये तीनों खुद्दक निकाय के अलग-अलग ग्रन्थ हैं)। अब्भुतधम्म (अतिमानवीय स्थितियों का वर्णन), वेदल्ल (कदाचित् वैपुल्य का थेरवाद-संवादी रूप)। पाँच निकायों में विभाजन—दीर्घ, मज्झिम, अंगुत्तर, संयुक्त एवं खुद्दक है। खुद्दक के अन्तर्गत ही विनय एवं अभिधम्म विटक आते है। पर इन दोनों विभाजनों की अपेक्षा अधिक प्रचलित और मान्य विभाजन तीन पिटकों में हैं, सुत्त पिटक, विनय पिटक एवं अभिधम्म पिटक। सुत्तपिटक में पहले केवल चार निकाय थे। यह वस्तुतः सुत्त या सुत्तान्तों का संकलन है, जिसमें बुद्ध की वार्तायें एवं उपदेश मिलते हैं। कहीं-कहीं बीच में इनमें छन्द भी मिलते हैं। वस्तुतः धम्म के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुत्तपिटक ही प्रमुख स्रोत है। विनय पिटक संघ के नियमों का संकलन है। अभिधम्म पिटक थेरवाद सम्प्रदाय के दार्शनिक विचारों का संकलन है।

२.४—सुत्तपिटक में पहला निकाय दीघ निकाय कहलाता है। इसमें सबसे लम्बे सुत्त संकलित किये गये हैं। इन सुत्तों की संख्या ३४ है और ये तीन वग्गों में विभक्त हैं, सीलखंधवग्ग, महावग्ग, पाटिकवग्ग। दूसरा निकाय है, मज्झिम निकाय जिसमें मझले आकार के सुत्त संकलित हैं। इसमें सम्प्रदाय के सुन्दरतम अंश सन्निहित हैं। मज्झिम निकाय के सुत्तों की संख्या १५२ है और यह ५०-५० के तीन भागों में विभक्त है, मूलपण्णास, मज्झिम पण्णास और उपरि पण्णास। तीसरा और चौथा निकाय निश्चित रूप से ही बाद के पूरक संकलन हैं। इनका विस्तार भी दीघ और मज्झिम निकाय की अपेक्षा ज्यादा है। संयुत्त निकाय में मिली-जुली सामग्री है। इसमें सुत्तों की संख्या २८८९ है और यह निकाय पाँच भागों में विभक्त है। अंगुत्तर निकाय (एकोत्तर

निकाय) ११ निपातों में विभक्त है, एकनिपात, दुकनिपात प्रभृति से लेकर एकादश निपात तक प्रत्येक निपात में उसकी संख्या के प्रतीकात्मक रूप से सम्बद्ध विषय संकलित हैं। उदाहरण के लिए 'एक-निपात' में नारी, जो मनुष्य के मन के लिए सबसे बड़ी बाधा है, विषय के रूप में गृहीत है। इसमें सुत्तों की संख्या २३०८ है। सुत्त पिटक का पाँचवाँ निकाय खुद्दक निकाय है, इसमें छोटे सुत्तोंका संकलन है साथ ही इसमें विषय की भी बहुत विविधता है। सिंहल, बर्मा और स्याम के बौद्ध निकायों में इस निकाय के अन्तर्गत संगृहीत ग्रन्थ के सम्बन्ध में मतैक्य भी नहीं है। सिंहल के सम्प्रदाय के अनुसार खुद्दक निकाय के अन्तर्गत (पहला) खुद्दक पाठ, (दूसरा) धम्मपद (४२३ पद्यों का संकलन), (तीसरा) उदान बुद्ध के गम्भीर वचनों का संकलन, इन्हींके साथ गद्य में वे प्रसंग भी दिये गये हैं जब बुद्ध ने इन वचनों को कहा है, (चौथा) एक इतिवुत्तक (शास्ताके नैतिक उपदेशोंका संकलन), (पाँचवाँ) सुत्तनिपात (यह खुद्दक निकाय का प्राचीनतम अंश है और इसमें ५४ सुत्त हैं), (छठाँ) विमानवत्थु (दिव्य विमानों का वर्णन, ८३ कथाओं का संकलन), (सातवाँ) पेतवत्थु-प्रेत लोक का वर्णन जिसमें ५१ कथायें संकलित हैं (ये दोनों निश्चित रूप से ही पालि त्रिपिटक के बहुत बाद के संकलन हैं); (आठवाँ) थेरगाथा और (नवाँ) थेरीगाथा—ये छन्दोबद्ध रचनायें हैं, जिसमें थेर और थेरियोंके उद्गार संकलित हैं; इनमें पालि तिपिटक के निश्चित रूप से सबसे अधिक काव्यतम अंश संकलित हैं। थेरगाथाओं की संख्या १२७९ और थेरीगाथाओं की ५२२ है; (दसवाँ) जातक (या मूलतः पद्यों के संग्रह जिनके साथ गद्य भाग का कथानक था। इसमें बुद्ध के पिछले जन्म की कहानियाँ दी गई हैं। तिपिटक में सम्प्रदायगत केवल पद्य भाग ही माने जाते हैं। गद्य भाग कथा सुनानेवाले द्वारा यादृच्छिक रूप में परि-

वर्तित किया जा सकता है), (ग्यारहवाँ) निद्देस-यह सुत्त निकाय के एक अंश पर टीका है, जो अनुश्रुति के अनुसार सारिपुत्त द्वारा रची कही जाती है, (१२ वाँ) पटिसंभिदा मग्ग (अर्हन्त के ज्ञानका वर्णन) यह अभिधम्म पिटक के अन्तर्गत ही आने के योग्य है; (१३ वाँ) उपदान—यह बौद्ध सन्तों के उत्तम कार्यों का विवरण है और बाद की रचना है, संस्कृत बौद्ध साहित्य में इनके समकक्ष अवदान मिलते हैं, (१४ वाँ) बुद्ध वंश छन्दोबद्ध हैं, २८ सर्गों में २४ पूर्व बुद्धों और गौतम बुद्ध की कहानी दी गई है और यह कहानी गौतम बुद्ध के द्वारा ही कही गई है। (१४ वाँ) चरिया पिटक में ३५ छन्दोबद्ध जातक दिये गये हैं।

२.५—विनय पिटक के अन्तर्गत तीन खण्ड हैं (१) प्रथम खण्ड सुत्तविभंग है, जो पुनः दो भागों में विभक्त है, पाराजिक एवं पाचित्तिय। सुत्तविभंग पातिमोक्ख पर ही आधृत है। पातिमोक्ख ही विनय का प्राचीनतम अंश है। यह संघ में उपोसथ दिनों में पापस्वीकृति के लिए विहित था। सुत्तविभंग वस्तुतः इसी पर एक टीका है। पाराजिक पकरण में वे पाप आते हैं, जिनका दण्ड भिक्षु-संघ से निकाल दिया जाना था अर्थात् बहुत गम्भीर अपराधों का इसमें वर्णन है। पाचित्तिय पकरण में वे आते हैं, जिनका प्रायश्चित किया जा सकता है। (२) विनय पिटक में दूसरा खण्ड हैं, खंधक जो अपने दो वग्गों में विभक्त है—महावग्ग और चुल्लवग्ग। खंधक में संघ के विधि-नियमों का संकलन है। महावग्ग के प्रारम्भिक अंश में सम्बोधि से लेकर वाराणसी में प्रथम संघ की स्थापना तक का संक्षिप्त इतिहास भी दिया गया है। चुल्लवग्ग महावग्ग का ही एक सिलसिला है। (३) विनय-पिटक का तीसरा खण्ड है, परिवार जिसमें १९ उपखण्ड हैं। यह सम्भवतः सिंहल में ही विकसित हुआ और इसीलिए बहुत बाद की रचना है। यह विनय के नियमों का

एक प्रकार से परिशिष्ट ही है।

२.६—तीसरा पिटक है, अभिधम्म जो धम्म का पूरक है। अभिधम्म को व्यवस्थित दर्शन तो नहीं कहा जा सकता, पर व्यवस्थित दर्शन के लिए इसमें सामग्री जरूर है, क्योंकि यह तर्क, प्रामाण्यवाद एवं धर्मपरीक्षा से ही सम्बन्धित है। अभिधम्म का सम्मान बर्मा में सबसे अधिक है। इसके अन्तर्गत ७ ग्रन्थ आते हैं—

(१) धम्मसंगणि—जिसमें मानसिक वृत्तियों अथवा धर्मों का परिगणन है।

(२) विभंग अर्थात् विवेचन जो धम्मसंगणि का ही विस्तार है।

(३) कथावत्थु, इसमें २५२ भ्रान्त मतों का खण्डन है।

(४) पुग्गल पञ्ञत्ति—इसमें प्रश्नोत्तर शैली में पुद्गल का वर्णन है।

(५) धातु-कथा या धातुपकरण—यह बाह्य तत्त्वों का विवेचन है।

(६) यमक—यह द्वन्द्वात्मक तर्क का परिगणनात्मक ग्रन्थ है।

(७) पट्ठानप्पकरण—बहुत ही बाद का ग्रन्थ है, जो हेतुवाद से सम्बद्ध है और यह सबसे अधिक कठिन है।

२.६—परित्त अथवा महापरित्त नाम से सम्प्रदाय साहित्य का एक संकलन है जो कवच आदि के रूप में लोक-प्रचलित था। इसमें २८ सुत्त हैं।

२.७—सम्प्रदायेतर साहित्य का विवरण यों है। यह मुख्यतः अट्ठकथाओं के काल में रचित हुआ है। सबसे बड़े टीकाकार बुद्धघोष हुए हैं, जिन्होंने प्राचीन सिंहली भाषा से वर्तमान अट्ठ-कथा का पालि में अनुवाद किया। बुद्धघोष का जन्म उत्तर भारत में ब्राह्मण कुल में हुआ था और वे सिंहल नरेश महानाम

के समय में सिंहल पहुँचे थे। उनकी टीकायें हैं (१) समन्त-पसादिका (विनय पिटक पर), (२) कंखावितरणी (पातिमोक्ख पर), (३) सुमंगलविलासिनी (दीघ निकाय पर), (४) पंपचसूदनी (मज्झिम निकाय पर), (५) सारत्थपकासनी (विनय पिटक पर), (६) मनोरथपूरणा (अंगुत्तर निकाय पर), (७) परमत्थजोतिका (खुद्दक निकाय पर), (८) अट्ठसालिनी (धम्मसंगणि पर), (९) सम्मोहविनोदनी (विभंग पर), (१०) पंचपकरणट्ठकथा (अभिधम्म पिटक के शेष अंश पर)। इन ग्रन्थों के अलावा बुद्धघोष ने विसुद्धिमग्ग नाम का बुद्धधर्म का एक विश्वकोश भी लिखा। जातकट्ठवण्णना नाम की जातक पर टीका निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती कि बुद्धघोष द्वारा रचित है या नहीं। इस टीका में प्रत्येक जातक कथा के चार अंश हैं—(१) सम्प्रदायगत गाथा, (२) अतीत वत्थूनि (प्राचीन जन्म की कहानी), (३) पच्चुप्पन्न वत्थूनि (वर्तमान जन्म की कहानी) इसी में अन्त में समाधान भी दिया जाता है, जिसमें प्राचीन और नवीन जन्म के बीच सामंजस्य स्थापित किया जाता था। (४) वेय्याकरण, जिसमें पद्य का प्रत्यक्षर अर्थ दिया जाता था। बुद्धघोष के पूर्ववर्ती तीन ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण हैं (१) मिलिन्दपञ्हो—जो भिक्षु नागसेन और मिलिन्द (मिनैण्डर) के बौद्ध-दर्शन सम्बन्धी संवाद का विवरण है। कदाचित् यह किसी संस्कृत ग्रन्थ पर आधृत है, जो ईसा के आस-पास रचा गया था। (२) दूसरा ग्रन्थ दीपवंस जो महासेन के राज्य काल तक (३२५–३५५ ई० तक) का सिंहल का इतिहास है। बुद्धघोष इससे परिचित हैं। (३) तीसरा ग्रन्थ है, महाअट्ठकथा—उसके बारे में पहले कहा जा चुका है। बुद्ध-घोष के समय में ही उनके आश्रयदाता महानाम ने महावंश की रचना की। इसमें काव्य के रूप में दीपवंस की कहानी उसी क्रम से पुनः कही गई है। इसके बाद १२ वीं शताब्दी के अन्त

में तेरमहाकस्सप ने सिंहल में एक संगीति बुलाई थी और उन्होंने अट्ठकथाओं पर टीका लिखवाने का कार्य करवाया था। इन टीकाओं में सारिपुत्त की सारत्थदीपनी मिलती है। इसके बाद टीका का कार्य अनवरत रूप से १९ वीं शताब्दी तक चलता रहा। पालि व्याकरणों के समय में ऊपर कहा जा चुका है। व्याकरण के अलावा पालि छन्दःशास्त्र के भी ग्रन्थ मिलते हैं।

२.८—इस प्रकार थेरवाद सम्प्रदाय की भाषा के रूप में पालि परम्परा आज भी उसी रूप में जीवित है, जिस रूप में संस्कृत भारत वर्ष में और उत्तरकालीन पालि भाषा में भी वे ही कृत्रिमतायें हैं जो बाद की संस्कृत में पाई जाती हैं। एक तरह से पालि भी संस्कृत की तरह रूढ़िबद्ध संस्कृत भाषा के रूप में थेरवादियों के द्वारा जिलाई रखी गई है।

३

पालि की वर्णसंघटना

३.०—पालि की वर्ण-संघटना का विचार हम तीन खंडों में करना चाहते हैं :

(१) पालि और संस्कृत की वर्णराशि की तुलना (२) पालि की स्वरसंघटना, (३) पालि की व्यंजन-संघटना ।

३.१—पालि की वर्णराशि में निम्नलिखित स्वर आते हैं, अ इ उ ए ओ (प्रत्येक ह्रस्व और दीर्घ) । संस्कृत की वर्णराशि से तुलना करने पर इसमें ऋ ऌ एवं ऐ औ का भाव दृष्टिगोचर होता है। ऐ और औ प्रायः ए और ओ में रूपान्तरित हो गये हैं तथा ऋ, इ उ या अ में, ऌ के लिए तो संस्कृत साहित्य भर में क्लृप्त' को छोड़कर दूसरा कोई उदाहरण नहीं है । और इसके लिए पालि में किलित्त मिलता है । पालि की व्यंजनराशि में संस्कृतके समस्त व्यंजन हैं केवल ष और श भर नहीं हैं । इस अनुस्वार अन्त्य व्यंजन के रूप में एक स्वतन्त्र इकाई मानी जाती है । इस अनुस्वार को निग्गहित कहा गया है । पालि में म् संस्कृत की तरह केवल अपने स्वर्गीय स्पर्श के साथ ही नहीं आता, बल्कि स्वतन्त्र रूप से भी पद के आदि में और मध्य में स्वरों के बीच में आता है । वैदिक संस्कृत के भाँति ही इन्हीं स्वरों के बीच आनेवाला ड और ढ क्रमशः ळ और ळ्ह् के रूप में उच्चरित होते हैं । ह् का उच्चारण य र ल व या अनुनासिक वर्ण के साथ 'ओरस' होता है ।

३.२—पालि की स्वर संघटना में मुख्य परिवर्तन की दिशायें

निम्नलिखित हैं:—

(१) संस्कृत में अक्षर संघटना में कोई मात्रानियम नहीं है, इसके विपरीत पालि में एक निश्चित मात्रा-नियम है, जिसके अनुसार विवृत अक्षर के पूर्व ही दीर्घ स्वर आ सकता है। अनुस्वार या व्यंजन के पूर्व का स्वर भी संवृत की तरह ह्रस्व होता है। इस मात्रा-नियम के परिणामवश संस्कृत के संयुक्ताक्षर के पूर्व आनेवाले दीर्घ स्वर ह्रस्व में परिवर्तित हो गये हैं : जैसे—

जीर्ण> जिण्ण, मांस> मंस, नदीम्> नदिं या संयुक्त व्यंजन के स्थान पर एक व्यंजन हो जायगा और उसके परवर्ती ह्रस्व स्वर में क्षतिपूर्ति के रूप में दीर्घता प्राप्त हो जाय, यदि वह पहले से दीर्घ न रहा हो। उदाहरण के लिए सिंह> सीह, दीर्घ>दीघ। कहीं-कहीं सिर्फ संयुक्ताक्षर के पूर्व दीर्घ स्वर मिल जाते हैं या सा + अज्ज = साज्ज। साथ ही मात्रा-नियम के ही कारण कहीं-कहीं स्वर भक्ति की अवस्था में भी संयुक्त व्यंजन के पूर्व आनेवाला दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है : जैसे सूर्य> सुरिय।

(२) स्वर—संघटना में दूसरा परिवतेन य र ल व, अनुनासिक के साथ संयुक्त व्यंजनों में बीच के स्वर-भक्ति करने से ही होता है। इस स्वरभक्ति की प्रक्रिया ऋक्प्रातिशाख्य में मिलती है और स्वरभक्ति के स्वर की मात्रा ह्रस्व स्वर की अपेक्षा आधी या चौथाई मानी गई है। ऋग्वेद में भी इसीलिए 'वीर्य' को 'वीरिय' कहीं-कहीं पढ़ा जाता है। स्वरभक्ति के स्वर के रूप में अधिकतर इ आता है, पर कहीं-कहीं अ भी मिलता है। उदाहरण के लिए ईर्यते>इरियति, मर्यादा> मरियादा, वज्र> वजिर, श्री> सिरी, प्लक्ष> पिलक्ख, ह्लाद> हिलाद, स्नेह> सिनेह, राज्ञः> राजिनो, गर्हति>गरहति, प्लवते>पलवति, द्वे> दुबे, मूर्वा> मरुवा

(३) गुणात्मक अपश्रुति के कारण परिवर्त्तन होता है, जबकि इ उ, ए ओ में परिवर्तित हो जाते हैं। ये परिवर्तन प्रायः संयुक्ता-

क्षरों के पूर्व होते हैं, जैसे विष्णु> वेण्हु और कूर्च> कोच्छ, ईदृश> एद्दश। कभी-कभी इसका उलटा भी होता है, जब ए ओ के लिए इ उ मिलते हैं, जैसे श्रोष्यामि> सुस्सं, गोनाम्> गुन्नं, सैन्धव> सिंधव। गुणात्मक अपश्रुति के अलावा मात्रात्मक अपश्रुति के कारण भी परिवर्तन मिलते हैं। इ के स्थान में ई, उ के स्थान पर कहीं-कहीं ऊ मिल जाते हैं, विशेष रूप से तृतीया एवं सप्तमी बहुवचन के रूपों में।

(४) कभी-कभी समीकरण और विषमीकरण के कारण स्वर में परिवर्तन हो जाता है जैसे उ के पूर्व आनेवाला इ, उ हो जाता है। (क)—इषु> उसु, इक्षु> उच्छु (ख) शिशु> सुसु। उ के पूर्व आनेवाला अ भी उ में परिवर्तित हो जाता है। (ग) समुद्ग> सुमुग्ग, असूया> उसूया। के पूर्व आनेवाला अ इ में परिवर्त्तित हो जाता है, जैसे, सरीसृप> सिरिंसप>, तमिस्रा> तिमिस्सा (घ) अ के पूर्व आने वाला उ> अ में परिवर्तित होता है; कूर्पर> कप्पर (ङ०) उ के बाद आनेवाला अ, उ में परिवर्तित हो जाता है जैसे कुरंग> कुरुंग। (च) अ के बाद आनेवाला इ, अ में परिवर्तित हो जाता है, जैसे—अरिंजर> अरंजर (छ) अ के बाद आनेवाला उ, अ में परिवर्तित हो जाता है, जैसे आयुष्मन्त> आयस्मन्त। (ज) इसी प्रकार व्यंजन का भी प्रभाव स्वरों को समीकृत करने पर पड़ता है, कभी-कभी ओष्ठ्य स्पर्श के सन्निकर्ष में स्वर को ओष्ठ्य रूप प्राप्त होता है और तालव्य के साथ स्वर को तालव्य इ रूप प्राप्त होता है।

(५) स्वराघात या बलाघात का प्रभाव प्रायः ऐसे शब्दों में पड़ता है, जो तीन या तीन से अधिक अक्षरों के बने हैं और जिनके बारे में संस्कृत में प्रथम अक्षर पर स्वराघात का साक्ष्य मिलता है। ऐसी स्थिति में प्रायः दूसरे अक्षर का स्वर ह्रसित रूप धारण करता है और प्रायः उस ह्रसित स्वर के रूप में इ ही

मिलता है। जैसे चन्द्रमा> चन्दिमा, चरम> चरिम, पुत्रमान्> पुत्तिमा, मध्यम>मज्झिम।

(६) कहीं-कहीं ओष्ठ्य स्पर्श के साथ कारण स्वराघातहीन अ को स्वराघात के बाद उ प्राप्त होता है। जैसे नवति>नउति, सम्मति>सम्मुति। कभी-कभी स्वराघातहीन ह्रस्व स्वर लुप्त भी हो जाता है। जैसे जागरति>जग्गति, उद्क>*उद्क>*उत्क> *उक्क>*ओक्क>ओक इसी तरह स्वराघातयुक्त अक्षर के पूर्व आनेवाला अक्षर भी ह्रसित हो जाता है, जैसे न्यग्रोध> निग्रोध, स्थापयति>ठपेति।

(७) स्वरों में परिवर्तन सम्प्रसारण और संकोचन के कारण भी होता है। सम्प्रसारण के कारण या>ई, वा>ऊ मिलता है। जैसे व्यतिवृत्त>वीतिवत्त, श्वान>सून, संकोचन के कारण अय>ए, अव>ओ मिलते हैं। जैसे जयति>जेति, अवधि> ओधि। कहीं-कहीं ऐ और आय् से आ भी मिलता है। जैसे स्वस्त्ययन>सोत्थान, वैहायस>बेहास।

३.३—पालि की व्यंजन-संघटना का विचार करते समय हम इसको दो भागों में विभक्त कर सकते हैं, एकल व्यंजन और संयुक्त व्यंजन। एकल व्यंजनों की स्थिति में संस्कृत से पालि में सबसे प्रमुख परिवर्तन हैं—

(क) संस्कृत के श ष स के स्थान पर पालि में केवल स मिलता है।

(ख) ड और ढ इनके स्वरों के बीच में आने पर क्रमशः ळ, ळह् वर्ण व्यष्टि के रूप में आते हैं।

(ग) संस्कृत का विसर्ग पालि में लुप्त हो गया है और संस्कृत में अन्त्य स्थिति में आनेवाले समस्त व्यंजन या तो पालि में लुप्त हो गये हैं या अनुनासिकों और विसर्ग के स्थान पर अनुस्वार हो गया है। इस मुख्य परिवर्तन के अलावा अनियमित

रूप से कुछ परिवर्तन विभाषाओं के प्रभाव से पालि में दृष्टिगोचर होते हैं, जो सार्वत्रिक नहीं हैं। उदाहरण के लिए दो स्वरों के बीच में आनेवाले स्पर्श का लोप—जैसे निज के लिए निय, (छ) दो स्वरों के बीच में आनेवाले महाप्राण स्पर्श के लिए ह जैसे लघु>लहु, रुधिर>रुहिर (ज) दो स्वरों के बीच में आनेवाले अघोष स्पर्श का घोषीकरण—जैसे स्रुच्>सुजा, उताहो> उदाहु, प्रतियातयति>पटियादेति, प्रव्यथते>पवेधति, (झ) कदाचित् पैशाची के प्रभाव से घोष का अघोष में परिवर्तन—जैसे अगुरु>अकलु, स्थगन>थकन, वागुरा>वाकुरा, प्राजयति> पाचेति, कुसीद>कुसीत। (ञ) अव्युत्पन्न महाप्राणीकरण, कील> खील, कुब्ज>खुज्ज (ट) स्पर्शों का विस्थानीकरण—जैसे चिकित्सति के लिए तिकिच्छति, कुन्द के लिए चुन्द। (ठ) इसके अन्तर्गत एक नियमित परिवर्तन है, समीकरण के प्रभाव से ऋ और र के बाद आनेवाली दन्त्य स्पर्श ध्वनि का मूर्धन्य ध्वनि में परिवर्तन—जैसे प्रति>पटि, आम्रातक>अम्बाटक, प्रथम> पठम। कहीं-कहीं यह मूर्धन्यीकरण र और ऋ के बिना हो गया है—जैसे दंश>डस, दहति>डहति, (ज) इसी प्रकार द के लिए र, न के लिए ल या ण और ड के लिए ळ भी मिलते हैं— जैसे एकादश>एकारस, ईदृश > एरिस, पिनद्ध > पिलंध, वेणु>वेळु (झ) र के लिए ल मागधी के प्रभाव से पालि में प्राप्त होता है, जैसे रुद्र>लुद्द। इसका प्रतिलोम पैशाची के प्रभाव से ल के लिए र भी कहीं-कहीं मिलता है, पर पूर्व की अपेक्षा कम—जैसे किल के लिए किर (ट) य-व य-र, य-ल और व-म के विनिमय भी अत्यन्त विरल प्रयोगों में प्राप्त होते हैं, जैसे आयुध>आवुध, मृगया>मिगवा, दाव>दाय, चत्वर> चच्चर, यष्टि>लट्ठि, स्नायु>नहारु, द्रविड>दमिल> मीमांसते>वीमंसति।

३.४—पालि में सबसे अधिक परिवर्तन संयुक्त व्यंजन की संघटना में हुआ है। अन्त्य स्थिति में तो संस्कृत में ही संयुक्त व्यंजन दो-तीन उदाहरणों को छोड़कर नहीं आता था। पालि में तो अत्यन्त एकल व्यंजन के रूप में केवल अनुस्वार है। उस दशा में अन्त्य स्थिति में संयुक्त व्यंजन के मिलने की बात ही नहीं उठती। आद्य स्थिति में संयुक्त व्यंजन भी पश्चिमी बोली के प्रभाव से कदाचित् केवल असार्वत्रिक रूप में य र व के साथ संयुक्ताक्षर मिल जाते हैं। इनकी भी संख्या गाथाओं की भाषा में अधिक है। शेष समस्त संयुक्त व्यंजन आद्य स्थिति में समीकरण के अनन्तर एकल व्यंजन के रूप में रूपान्तरित हो जाते हैं। जैसे प्रीति>पीति, ब्राह्मण> बाह्मण। ध्यान>झान।

३.५—संयुक्ताक्षर की संघटना में सबसे अधिक परिवर्तन मध्य स्थिति में होता है और वहाँ भी परिवर्तन-प्रक्रिया तीन प्रकारों में विभक्त की जा सकती है—(क) य र ल व और अनुनासिक के साथ संयुक्ताक्षर प्रायः स्वरभक्ति के द्वारा विभक्त हो जाते हैं, जैसे सूर्य>सुरिय, ग्लान>गिलान, अर्हति> अरहति, स्नान>नहान, स्मरति>सुमरति। (ख) वर्णव्यत्यय प्रायः ह् या ऊष्म वर्ण के साथ क्रमशः य व और अनुनासिक वर्ण के साथ संयोग होने पर होते हैं। इस प्रक्रिया में ऊष्ण वर्ण ह् में परिवर्तित हो जाता है। जैसे

पूर्वाह्ण>पुब्बण्ह, चिह्न>चिन्ह, प्रश्न>पञ्ह, आरुह्य> आरुय्ह, जिह्वा>जिव्हा, उष्ण>उण्ह।

स्म प्रारम्भिक स्थिति में प्रायः म में ही समीकृत हो जाता है, जैसे स्मश्रु>मस्सु (ग) समीकरण और विषमीकरण के कारण परिवर्तन-समीकरण पूर्वगामी और पश्चगामी दोनों प्रकार के होते हैं और ये मुख्यतः तो इस आधार पर होते हैं कि पालि में संयुक्ताक्षरों के केवल चार प्रकार ही रह सकते हैं। (१) महाप्राण

स्पर्शों और ह् को छोड़कर शेष द्वित्व, (२) अल्पप्राण स्पर्श + उसी का समकक्ष महाप्राण, (३) अनुनासिक वर्ण + सवर्गीय स्पर्श, (४) अनुनासिक, य, व + ह्। इनके अलावा कुछ विरल रूप में य व र के पूर्व भी कुछ स्पर्श मिलते हैं, पर प्रायः उपर्युक्त चार चौखटों में संयुक्ताक्षर की संघटना पालि में सम्भव है। समीकरण का दूसरा आधार है बल का अनुक्रम। क्रमशः स्पर्श, ऊष्म–अनुनासिक–ल–व–य–र इस प्रकार क्रमशः वर्णों की निर्बलता बढ़ती चली आती है और निर्बल वर्ण प्रायः सबल वर्ण में ही समीकृत होता है। केवल इतना ध्यान रखना पड़ता है कि जहाँ पर संयुक्ताक्षर में एक महाप्राण वर्ण है, वहाँ समीकरण के पश्चात् महाप्राण वर्ण अन्त में ही आयेगा। जैसे (१) ख्य>क्ख, क्थ>त्थ, (२) आद्य स्थिति में समीकृत संयुक्त व्यंजन में से प्रायः दूसरा व्यंजन ही रह पाता है। जैसे ष्ट>ट्ठ>ठ। (३) जहाँ समीकरण के फलस्वरूप व्व आता है, उसके स्थान पर ब्ब और आद्य स्थिति में केवल व रह जाता है। (४) समीकरण के पूर्व वर्णों का स्थान-परिवर्तन भी हो जाता है। जैसे य के पूर्व दन्त्य ध्वनि का तालव्यीकरण हो जाता है या जैसे ष के पहले क कभी-कभी तालव्यीकृत हो जाता है। (५) म के बाद र या ल आने पर जब समीकरण होता है तो ब–श्रुति बीच में सन्निविष्ट हो जाती है। जैसे ताम्र>तम्ब, आम्र>अम्ब, गुल्म>गुम्ब।

३.६—अग्रगामी समीकरण इन संयोगों में होता है—(१) स्पर्श + स्पर्श। जैसे षट्क>छक्क, मुद्र>मुग्ग, (२) ऊष्मध्वनि + स्पर्श इस अवस्था में स्पर्श का महाप्राणीकरण अन्त में हो जायगा। जैसे आश्चर्य>अच्छेर, निष्क>निक्ख, (३) र या ल + स्पर्श, ऊष्म या अनुनासिक, कर्क>कक्क,(४) अनुनासिक + अनुनासिक, निम्न>निन्न, (५) र + ल या य या व जैसे दुर्लभ> दुल्लभ, निर्याति>निय्याति, आर्य>अय्य।

३.७—पश्चगामी समीकरण इन संयोगों में आता है—स्पर्श + अनुनासिक, जैसे उद्विग्न>उव्विग्ग, स्वप्न>स्वप्प पर ज्ञ से पुरोगामी समीकरण हो जाता है। जैसे प्रज्ञा>पञ्ञा (२) स्पर्श + र या ल, तर्क>तक्क, उद्र>उद्द, शुक्ल>सुक्क। कभी-कभी स्पर्श + र जैसा कि ऊपर बतलाया जा चुका है, जैसे न्यग्रोध> निग्गोध (३) स्पर्श + अन्तःस्थ, जैसे शक्य>सक्क, कुड्य>कुड्ड, प्रज्ज्वलित>प्रज्जलित, चत्वारः>चत्तारो। (४) ऊष्म + अन्तःस्थ, जैसे मिश्र>मिस्स, अवश्यम्>अवस्सं, अश्व>अस्स। आद्य स्थिति में केवल स ही मिलता है, जैसे, श्रोत>स्रोत, स्यन्दन> संदन, श्वेत>सेत। भविष्यत् के रूपों में हि में परिवर्तित होता है जैसे एष्यति>एहिति, (५) अनुनासिक, ल + अन्तःस्थ किण्व> किण्ण, रम्य>रम्म, कल्य>कल्ल।

३.८—उपर्युक्त समीकरण के पूर्व स्थान का तालव्यीकरण में समीकरण य के पूर्व आनेवाली दन्त्य ध्वनि में और र के बाद आनेवाली दन्त्य ध्वनि का मूर्धन्यीकरण पालि में प्रायः सार्वत्रिक है। इनमें प्रायः य और र का लोप हो जाता है, पर उसके परिणामस्वरूप तालव्य या मूर्धन्य रूप नित्यशः आता है। जैसे सत्य> सच्च, रथ्या> रच्छा, अन्य> अञ्ञ या जैसे कैवर्त> केवट्ट, छर्दयति> छड्डेति, वर्धते> वड्ढति। मूर्धन्यीकरण कहीं-कहीं ऊष्म के प्रभाव के कारण भी हो जाता है। जैसे स्था> ठा।

३.९—क्ष> क्ख और च्छ दोनों रूप मिलते हैं। च्छ रूप पश्चिमी भाषा के प्रभाव से है, क्ख पूर्वी भाषा के प्रभाव से है। दक्षिण> दक्खिन, कक्ष, कच्छ, इसी प्रकार संस्कृत के प्स और त्स दोनों पालि में च्छ में परिवर्तित हो जाते हैं। जैसे कुत्सित> कुच्छित, मात्सर्य> मच्छिरिय, अप्सरा> अच्छरा, यद्यपि इसका अपवाद भी है जैसे उत्साद> उस्साद, उत्सव> उस्सव।

३.१०—जहाँ दो से अधिक व्यंजन के संयुक्ताक्षर होते हैं, वहाँ वे समीकरण के समय सिद्धान्तों के पूर्व के दो वर्णों के ही संयुक्ताक्षर में समीकृत हो जाते हैं। केवल निम्नलिखित सिद्धान्तों को दृष्टि में रखना पड़ता है :—

(१) जहाँ न् किसी स्पर्श के पूर्व ऐसे संयोग में आता है, वहाँ पर यह बना रहता है। इनके बादवाला ही संयुक्ताक्षर एकल व्यंजन में समीकृत होता है। जैसे आनन्त्य> आनंच, रन्ध्र> रंद्ध (२) जब स्पर्श या ऊष्म वर्ण के दोनों ओर अनुनासिक या अन्तःस्थ हों, तब पहला अन्तःस्थ मध्यवर्ती व्यंजन में समीकृत होगा, जैसे मर्त्य> मत्तय> मच्च। (३) उसी प्रकार जहाँ कोई अन्तःस्थ या अनुनासिक अन्त में आयेगा, वहाँ भी प्रथम दो व्यंजनों का समीकरण हो करके ही अन्तिम अन्तःस्थ का अनुनासिक में समीकरण या स्वरभक्ति द्वारा पार्थक्य होगा।

४

सन्धि

४.०—पालि में सन्धि संस्कृत से कई मानों में भिन्न है। आद्य स्थिति में पालि में केवल एक स्वर या एक व्यंजन आ सकता है, कहीं-कहीं, विशेष रूप से, अव्यय रूपों के आद्य स्वर लुप्त मिलते हैं। जैसे इव, अपि, इति, इदानीं के लिए क्रमशः व, पि, ति और दानि। कहीं-कहीं इ या ए के पूर्व य्-श्रुति और उ और ओ के पूर्व व्-श्रुति भी मिलती हैं। जैसे उक्त>उत्त>वुत्त और एव>येव>येव्व। इव से विय रूप इस प्रक्रिया के बाद वर्णव्यत्यय से सम्भव है। अन्त्य स्थिति में केवल स्वर या अनुस्वार आ सकता है। अन्त्य म् कहीं-कहीं विशेष रूप से अव्यय रूपों में लुप्त भी हो जाता है। अन्त्य अः और अर्, ओ में परिवर्तित होता है। मागधी के प्रभाव से बहुत विरल रूप से ए भी मिलता है, व्यंजन के पूर्व आनेवाला स्वर अपरिवर्तित रहता है। कभी-कभी दीर्घ रूप धारण कर लेता है।

४.१—संश्लेषजन्य संधि में समासों के भीतर अर्थात् अन्तः संधि में संस्कृत की प्रक्रिया का अनुसरण मात्रा नियम के अधीन रहते हुए पालि में प्रायः होता है। जैसे महोदधि, काकोलूक, पुनर्भव>पुनब्भव, सुव्रत>सुब्बत, पर कहीं-कहीं स्वर-संधि में स्वर लुप्त भी हो जाता है, जैसे सति + उपट्ठान = सतिपट्ठान। कहीं-कहीं इस संधि के कारण स्वर दीर्घ हो जाता है, जैसे पुप्फ + आसन = पुप्फासन।

४.२—इसके विपरीत बाह्य संधि पालि संस्कृत से अत्यन्त

पृथक् है। बाह्य संधि संस्कृत की अपेक्षा पालि में बहुत अधिक याद्दच्छिक है। यह संधि केवल निम्नलिखित ९ स्थितियों में हो सकती है—

(१) कर्त्ता और क्रिया,
(२) क्रिया और कर्म,
(३) विशेष्य और विशेषण,
(४) समानाधिकरण,
(५) क्रिया और अव्यय,
(६) नाम और संयोजक अव्यय।
(७) कर्म और क्रियाविशेषण,
(८) सम्बोधन और उसके परवर्ती शब्द,
(९) सर्वनाम और निपात अपने पूर्ववर्ती या परवर्ती शब्द के साथ। वस्तुतः गद्य की अपेक्षा पद्य में संधि अधिक पायी जाती है।

४.३—(१) जब दो स्वर मिलते हैं तो प्रायः दीर्घ स्वर हो जाता है। जैसे दुग्गता + अहं = दुग्गताहं, पर यदि उत्तर पद का ह्रस्व स्वर संयुक्ताक्षर के पूर्व आता है तो दीर्घ की जगह पर ह्रस्व स्वर फलित होता है। जैसे च + अस्सम् = चस्सं।

(२) जब गुण संधि होती है तो हमें संस्कृत की तरह ही ए या ओ फलित स्वर मिलते हैं, पर बाद के साहित्य में इ या उ ही अधिक मिलते हैं। जैसे च + इमे = चेमे, पर सत्त + इमानि= सत्तिमानि। कहीं-कहीं पूर्व पद अन्त्य अ के लोप होने पर फलित स्वर दीर्घ भी मिलता है, जैसे इध + उपपन्नो = इधूपपन्नो। पर इति के साथ प्रायः सन्धि होने पर इ का लोप होता है और पूर्ववर्ती स्वर दीर्घ हो जाता है। इसका कारण कदाचित् यह है कि इति को त्ति रूप पहले प्राप्त होता है। इसके अनन्तर समीकरण के बाद पूर्ववर्ती स्वर दीर्घ हो जाता है।

४.४—इसी तरह से ए + ए और ओ सन्धि में भी फलित स्वर ए ओ या इ उ दोनों मिलते हैं।

४.५—ए या ओ स्वर की सन्धि में दूसरा पूर्ववर्ती स्वर प्रायः लुप्त हो जाता है, जैसे सत्तो + अस्मि = सत्तोस्मि, चत्तारो + इमे = चत्तारोमे। कहीं-कहीं पूर्ववर्ती ए या ओ ही लुप्त हो जाते हैं जैसे यो + अहं = याहं, ये + अस्स = यस्स। प्रायः ते, मे, सो, यो, खो, इनके साथ जब किसी स्वर की सन्धि होती है तो इनका ए या ओ क्रमशः य् और व् में परिवर्तित हो जाता है जैसे ते + अत्थु = त्यत्थु, सो + यम् = स्वायं।

४.६—जहाँ संस्कृत में विसर्ग के लिए र् की प्राप्ति स्वर के पूर्व हो जाती है, वहाँ पालि में भी र् आ जाता है, जैसे पुनर् + एहिसि = पुनरेहिसि इसी तरह से दो स्वरों के बीच में कहीं-कहीं य् व् म् द् भी आ जाते हैं, जैसे च + इमे = चयीमे या कति + उत्तरि = कतिवुत्तरि, इसि + अवोच = इसिमओच, दी + अत्थु = दीरत्थु, मज्झे + इव = मज्झेरिव, पुनर् + एव = पुनरेव।

४.७—जहाँ तक स्वर और व्यंजन की सन्धियों का प्रश्न है, प्रायः या तो बाह्य सन्धि में पूर्व संयुक्ताक्षर सन्धि में पुनः परिवर्तित हो जाता है और या वह पूर्ववर्ती व्यंजन के साथ समीकृत भी हो जाता है, जैसे

सरति + वयो (व्ययः) = सरतिब्बयो

तयो + सु (तयः + सु०) = तयस्सु

ह् के पूर्व अनुस्वार कभी-कभी ञ् में परिवर्तित हो जाता है—

चित्तं + हि = चित्तञ्हि।

५

रूप-संघटना

५.०—रूप-संघटना के विचार को हम तीन भागों में विभक्त करेंगेः—(१) नाम रूप (सुबन्त), (२) धातु रूप (तिङन्त) (३) शब्द्-रचना (कृदन्त और तद्धित)।

रूप-संघटना का सामान्यतः परिवर्तन चार दिशाओं में हुआ है—

(१) वर्ण-संघटना के परिवर्तन के कारण परिवर्तन,

(२) रूपों की विविधता के सरलीकरण के कारण परिवर्तन तथा अति सदृशीकरण को दूर करने के लिए विसदृशीकरण के कारण परिवर्तन,

(३) लुप्त विभाषाओं के रूपों का अवशेष,

(४) सादृश्य के आधार पर नये रूपों की रचना। पालि में इन परिवर्तनों के कारण नयी परिस्थिति आयी है, जिसमें (१) द्विवचन का क्रिया रूप और नाम रूप दोनों से लोप हो गया है, (२) वाक्य में लिंग का समनुहार शिथिल हो गया है, (३) चतुर्थी और षष्ठी का एकीकरण हो गया, है (४) आत्मनेपदी रूप क्रमशः परस्मैपदी में विलीन होते जा रहे हैं, (५) अनिट् और सेट् रूपों का एकीकरण प्रारम्भ हो गया है, (६) लुङ् और लङ् के रूप लुङ् में विलीन हो गये हैं, (७) लिट् और लुट् के रूप एकदम लुप्त हो गये हैं। आशीर्लिङ् विधि लिङ् में विलीन हो गये हैं। ल्यप् के रूप त्वा के रूपों में लुप्त होते जा रहे हैं, (८) सर्वनाम और नाम प्रातिपदिक के रूपों का एकीकरण शुरू हो गया है।

(९) हलन्त प्रातिपादिकों के रूप प्रथमा और द्वितीया विभक्तियों तक ही अधिकतर सीमित हैं। शेष विभक्तियों में क्रमशः वे अजन्त प्रातिपादिक के रूपों में विलीन होने लगे हैं। वैदिक और कहीं-कहीं पूर्ववैदिक रूपों के भी पुनरुज्जीवन या और अधिक ठीक कहें तो उन रूपों का आग्रह रखने की प्रक्रिया दृष्टिगोचर होती है, जैसे तृतीया बहुवचन में अकारान्त प्रातिपादिक के आगे ऐः>एहि प्रत्यय मिलता है या जैसा अस्मे, युष्मे के समकक्ष रूप पालि में मिलते हैं।

५.१ (१)—पहले हम अकारान्त प्रातिपदिक प्रक्रिया को लें। राम शब्द का रूप यों पालि में चलाया जायगा—

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	रामो	रामा
द्वितीया	रामं	रामे (विसदृशीकरण के द्वारा)
तृतीया	रामेण, रामा	रामेहि, रामेहिं
पंचमी	रामा, रामस्मा (=म्हा)	रामेहि, रामेहिं
चतुर्थी, षष्ठी	रामस्स, रामाय (विरल रूप)	रामाणं
सप्तमी	रामे, रामस्मि(हि)	रामेसु
सम्बोधन	राम	रामा

इन्हें देखने से स्पष्ट होगा कि तृतीया एकवचन एवं बहुवचन में आ और एभिः वैदिक प्रत्यय के अवशेष मिलते हैं, पंचमी तथा सप्तमी में एकवचन में सर्वनाम प्रातिपदिक के साथ सादृश्य की प्रक्रिया के कारण स्मात् और स्मिन् प्रत्यय नाम प्रातिपादिक में भी लिये गये हैं, पंचमी बहुवचन में तृतीया का ही रूप सरलीकरण के आधार पर रखा गया है। द्वितीया बहुवचन में ए प्रत्यय केवल प्रथमा बहुवचन के रूप से विविक्त करने के लिए रखा गया है। डा० सुकुमार सेन के अनुसार यह प्रागृभारत-ईरानी रूप

की अनुस्मृति है। इस अकारान्त प्रातिपदिक में अपवाद के रूप में कुछ रूप मिलते हैं, जैसे प्रथमा बहुवचन में रामासो। यह वैदिक रूप की स्मृति है। इसी का मागधी प्रभाव से आसे ऐसे रूप मिलते हैं। मागधी प्रभाव से प्रथमा एकवचन में ओ की जगह पर ए तथा नपुंसकलिंग में भी अ की जगह पर ए प्रत्यय मिलता है। तृतीया एकवचन में भी विरल रूप से एन की जगह पर असा प्रत्यय जैसे पदसा, वलसा, वेगसा, मुखसा रूप मिलते हैं। यह अस्स में अन्त होनेवाले प्रातिपदिक के सादृश्य के आधार पर हुआ है। नपुंसकलिंग प्रातिपदिक के रूप में तृतीया से सप्तमी तक पुंल्लिंग प्रातिपदिक की भाँति ही है किन्तु प्रथमा और द्वितीया और सम्बोधन के रूप इस प्रकार हैं :—

	एकवचन	द्विवचन
प्रथमा	रूपं	रूपानि, रूपा, (वैदिक रूप)
द्वितीया	रूपं	रूपानि, रूपे (पुंल्लिंग प्रातिपदिक के सादृश्य पर)
सम्बोधन	रूप	रूपानि, रूपा

(२) अकारान्त प्रातिपदिक के रूप की प्रक्रिया इस प्रकार सूचित है :—

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	लता	लता, लतायो (य श्रुति जोड़कर)
द्वितीया	लतं	लता, लतायो
तृतीया	लतायं	लताहि
चतुर्थी	लताय	लतानं
षष्ठी	,,	,,
सप्तमी	लताय, लतायं	लतासु
सम्बोधन	लते	लता, लतायो

तृतीया, पंचमी एवं षष्ठी तीनों एकवचन के प्रत्यय आया

से उद्भूत हैं। अया प्रत्यय तृतीया एकवचन में लुप्त हो गया है। प्रथमा, द्वितीया एवं सम्बोधन बहुवचन का रूप वस्तुतः ईकारान्त प्रातिपदिक से लिया गया है। अब इकारान्त और उकारान्त पुंल्लिंग प्रातिपदिकों के रूप इस प्रकार चलते हैं—कवि और गुरु।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा तथा सम्बोधन	कवि, गुरु	कवयो, गुरवो कवी, गुरू
द्वितीया	कविं, गुरुं	,, ,,
तृतीया	कविना, गुरुणा	कवीहि, गुरूहि
पंचमी	कविस्मा (म्हा) गुरुस्मा (म्हा)	,, ,,
षष्ठी, चतुर्थी	कविस्स, गुरुस्स कविनो, गुरुणो	कवीनं, गुरूणं
सप्तमी	कविस्मि (म्हि) गुरुस्मि (म्हि)	कवीसु, गुरूसु

इसमें भी पंचमी एवं सप्तमी एकवचन में सर्वनाम प्रातिपदिक से रख लिया गया है तथा षष्ठी, चतुर्थी में नपुंसकलिंग प्रातिपदिक से रूप लिया गया है। तृतीया एवं सप्तमी बहुवचन में षष्ठी बहुवचन के प्रातिपदिक स्वर की दीर्घता सादृश्य के आधार पर ली गयी है। सम्बोधन बहुवचन में गुरुवे मागधी प्रभाव से मिलता है। इकारान्त प्रातिपदिक में सखि शब्द सबसे अधिक जटिल है, क्योंकि इसमें इस प्रातिपदिक के तीन विविध रूप मिलते हैं, सखि, सख और सखार। सखार रूप सादृश्य से सत्था-सत्थारं (सखा-सखारम्) सादृश्य के आधार पर आया है। इसका रूप यों चलता है—

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सखा, सखो	सखा, सखारो, सखानो, सखायो
द्वितीया	सखारं	सखी, सखायो, सखिनो, सखारे
तृतीया	सखिना	सखेहि, सखारेहि

पंचमी	सखारम्हा	सखेहि, सखारेहि
षष्ठी, चतुर्थी	सखिना, सखिस्स	सखेन, सखानं, सखारानं
सप्तमी	सखे	सखेसु, सखारेसु

इस प्रकार इसमें कई रूप एक साथ मिल गये हैं। नपुंसक-लिंग इकारान्त और उकारान्त प्रातिपदिकों के रूप संस्कृत की ही तरह तृतीया से लेकर सप्तमी तक पुंल्लिग प्रातिपदिक के अनुसार और द्वितीया और सम्बोधन में इस प्रकार हैं :—

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा, द्वितीया	अक्खि, अस्सु	अक्खीनि, अस्सूनि
एवं सम्बोधन	अक्खि, अस्सु	अक्खी, अस्सु

इकारान्त और उकारान्त स्त्रीलिंग प्रातिपदिक के रूप इस प्रकार हैं :—

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	जाति, नदी	जातियो, नदियो
	धेनु, सस्सू	धेनुयो, सस्सुयो
द्वितीया	जातिं, नदिं	जाती, नदी
	धेनुं, सस्सुं	धेनू, सस्सू
तृतीया-पंचमी	जातिया, नदिया	जातीहि, नदीहि
	धेनुया, सस्सुया	धेनूहि, सस्सूहि
षष्ठ-चतुर्थी	जातिया, नदिया	जातीनं, नदीनं
	धेनुया, सस्सुया	धेनूनं
सप्तमी	जातिया(-यं),नदिया(-यं)	जातीसु, नदीसु
	धेनुया(-यं) सस्सुया(-यं)	धेनूसु, सस्सूसु
सम्बोधन	जाति, नदि	जातियो, जाती
	धेनु, सस्सु	धेनुयो, धेनू
		नदियो, नदी
		सस्सुयो, सस्सू

इस रूप-प्रक्रिया में ध्यान देने योग्य बात यह है कि प्रथमा एकवचन को छोड़कर शेष ऐसी समस्त विभक्तियों में ह्रस्व और दीर्घ स्वर में अन्त होनेवाले प्रातिपदिकों के रूप में अन्तर नहीं है, और दूसरी बात यह है कि स्वर प्रत्यय के पूर्व ई या इ—इय् में, उ और ऊ—उय् में रूपान्तरित हो जाते हैं। गाथा की भाषा में अपवाद के रूप में प्राचीन ऐतिहासिक रूप के अवशेष मिलते हैं जैसे जात्या>जच्चा। इसी तरह से नद्या, नद्यः>नज्जा और नज्जो रूप भी मिलते हैं। एक ऐसा विचित्र रूप नज्जाओ प्रथमा बहुवचन के लिये मिलता है जो नज्जा को प्रातिपदिक मानकर किया गया है।

५.२ ऐकारान्त प्रातिपदिक का पाली में अभाव है। औकारान्त प्रातिपदिक नौ का नावा में रूपान्तर हो गया है। ओकारान्त प्रातिपदिक गो के कुछ रूप प्राचीन गो, गावो, गोहि, गवं सुरक्षित हैं और बाद की भाषा में इसी को गाव या गावी, गोण प्रातिपदिक में रूपान्तरित भी कर दिया गया है।

५.३ हलन्त प्रातिपदिकों में केवल र्, न् और स् में अन्त होनेवाले प्रातिपादिक के ऐतिहासिक रूप सुरक्षित मिलते हैं और वे भी प्रायः प्रथमा या द्वितीया विभक्ति में। ऐसे प्रातिपदिकों के रूप अजन्त प्रातिपदिकों के सदृश कर दिये गये हैं। रकारान्त प्रातिपदिकों के रूप इस प्रकार हैं:—

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सत्था	सत्थारो
द्वितीया	सत्थारं	सत्थारो
तृतीया	सत्थरा, सत्थारा, सत्थुना	सत्थूहि, सत्थारेहि
पंचमी	सत्थरा, सत्थारा	सत्थूहि, सत्थारेहि
षष्ठी, चतुर्थी	सत्थु, सत्थुना, सत्थुस्स	सत्थूनं, सत्थारानं
सप्तमी	सत्थरि	सत्थूसु, सत्थारेसु
सम्बोधन	सत्था, सत्थु, सत्थे	सत्थारो

इस रूपावली से स्पष्ट है कि प्रथमा द्वितीया के रूप तो प्राचीन संस्कृत रूप के ही वर्ण-परिवर्तन के साथ पालि में रूपान्तर है, तथा ऐसे ही विभक्तियों में सत्था प्रातिपदिक का सत्थु प्रातिपदिक का विकल्प रूप भी दिया गया है और प्राचीन का भी रक्षण कियूा गया है। समस्त पदों में शास्तृ के लिए सत्थु रूप मिलता है। इसी सत्थु से तृतीया और चतुर्थी, षष्ठी में प्रातिपदिक के रूप गृहीत कर लिये गये हैं। इसी तरह सत्थार शब्द सादृश्य के आधार पर (कम्मारं–कम्मार = सत्थारं–सत्थार) बना लिये गये हैं। इससे तृतीया बहुवचन सत्थारेहि षष्ठी बहुवचन सत्थारानं, सप्तमी बहुवचन सत्थारेसु ये रूप विकसित हैं। पितर् और मातर् शब्दों के रूपों में संस्कृत रूपों की अधिक रक्षा है पर उनमें भी तृतीया, पंचमी, षष्ठी एवं सप्तमी बहुवचन के रूपों में पितु या मातु को ही प्रातिपदिक मानकर प्रातिपदिक रूप स्वीकृत किया गया है। तृतीया और षष्ठी एकवचन में पित्रा से ही व्युत्पन्न पितरा और मात्रा से व्युत्पन्न मातरा रूप मिलता है। इसी प्रकार सप्तमी एकवचन में संस्कृत का ही रूप पितरि और मातरि मिलता है।

अन् में अन्त होनेवाले पुंल्लिग प्रातिपदिक के रूपों में भी प्रथमा और द्वितीया में तो संस्कृत की प्रक्रिया ही मिलती है, केवल द्वितीया बहुवचन में वही रूप मिलता है जो प्रथमा बहुवचन में। तृतीया और पंचमी के रूप एक ही हैं, पर तृतीया, पंचमी एवं षष्ठी बहुवचन के रूपों में अकारान्त, उकारान्त या इकारान्त प्रातिपदिक रूप दिये गये हैं। शेष परिवर्तन वर्ण-संघटना के कारण हैं :—

राजन् तथा आत्मन्	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	राजा अत्ता	राजानो अत्तानो
द्वितीया	राजानं अत्तानं	,, ,,

तृतीया	रञ्ञा / राजिना	अत्तना	राजूहि	अत्तनेहि, अत्तेहि
पंचमी	”	”	”	” ”
षष्ठी, चतुर्थी	”	”	रञ्ञो / राजूनं	अत्तानं
सप्तमी	राजिनि	अत्तनि	राजूसु	अत्तनेसु

नपुंसकलिंग प्रातिपदिक के रूप भी इसी प्रकार चलते हैं पर प्रथमा और द्वितीया एकवचन में अकारान्त प्रातिपदिक की तरह रूप भी मिलते हैं। इनमें अन्त होनेवाले प्रातिपदिकों के दो रूप मिलते हैं—(१) तो इतिहास और (२) इकारान्त प्रातिपदिक के सादृश्य के आधार पर। शतृ और मतुप् प्रत्यय में अन्त होनेवाले संस्कृत शब्दों को त् के अन्त होनेवाले प्रातिपदिक में परिवर्तित कर दिया गया है। केवल प्रथमा, द्वितीया में तथा तृतीया-पंचमी, चतुर्थी, षष्ठी एवं सप्तमी एकवचन में विकल्प के रूप ऐतिहासिक रूप में सुरक्षित मिलते हैं। यही स्थिति अस् में अन्त होनेवाले प्रातिपदिकों की है।

५.४ अब हम सर्वनाम रूप की प्रक्रिया पर जब आते हैं तो सामान्य परिवर्तन उनमें इस प्रकार है—(१) पुरुषवाचक सर्वनामों के अनेक प्राचीन रूप फिर से रखे गये हैं और (२) तृतीया से सप्तमी तक के अन्य सर्वनामों के रूपों में नाम प्रातिपदिक के सादृश्य के आधार पर रचे गये हैं, (३) तृतीया के बाद की विभक्तियों में एक अलग अकारान्त प्रातिपदिक बनाने के कारण है। अब हम एक-एक रूप को नीचे लेते हैं—

	अहं (मयं)
प्रथमा	अहं मयं (वयं तथा मयं का मिश्रण) अम्हे (अस्मे)
द्वितीया	मं, ममं, मे, अम्हे (अस्मे), अस्माकं (अम्हाकं), नो

तृतीया पंचमी	मया अम्हेहि (नरेभिः के वजन पर)
षष्ठी, चतुर्थी	मम, मय्हं, मे अम्हाकं अम्हं, नो
सप्तमी	मयि अम्हेसु

त्वं

त्वं, तुवम्	तुम्हे (त्वत् और युस्मे का मिश्रण)
तं, त्वम् , तुवम् , ते	तुम्हे, तुम्हाकं, वो
तया, त्वया	तुम्हेहि
तव, तुय्हं (मह्यं के वजन पर)	तुम्हाके, तुम्हं, वो
तवं, तुम्हं, ते	
तयि, त्वयि	तुम्हेसु

तं (तद्)

एकवचन		बहुवचन	
पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
सो, स	सा	ते	ता, तायो (आकारान्त प्रातिपदिक मानकर)
तं	तं	ते	ता, तायो
तेन	ताय (आकारान्त प्रातिपदिक मानकर)	तेहि	ताहि
तम्हा, तस्मा	तस्सा	तेहि	ताहि
तस्स	तस्सा, ताय तिस्सा (ति को प्रातिपदिक मानकर)	तेसं, तेसानं	तासं, तासानं
तस्मिं, तम्हि	तासं, तस्सं तिस्सं, तायं	तेसु	तासु

इदं-इमं (विकल्परूप)

	एकवचन पुंल्लिग	बहुवचन स्त्रीलिंग	एकवचन पुंल्लिग	बहुवचन स्त्रीलिंग
प्रथमा	अयं	अयं (साद्द-श्य के कारण)	इमे	इमा, इमायो
द्वितीया	इमं	इमं	इमे	इमा, इमायो
तृतीया	अनेन, इमिना(इमि को प्रा० मानकर)	इमया (इमा	इमेहि, एहि	इमाहि)
पंचमी	इमस्मा, इमम्हा (अस्मा)	इमाय	,,	,,
षष्ठी-चतुर्थी	इमस्स, अस्स	इमिस्सा, अस्सा इमाय, अस्सा	इमेसं, इमेसानं,	इमासं
सप्तमी	इमस्मिं, इमम्हि अस्मिं	इमिस्सं इमायं, अस्सं	इमेसु, एसु	इमासु

असु, अमु

	एक वचन पुलिंग	एक वचन स्त्रीलिंग	बहुवचन पुलिंग	बहुवचन स्त्रीलिंग
प्रथमा	असु, अमु	असु	अमू	अमू, अमुया
द्वितीया	अमुं	अमुं	अमू	,, ,,
तृतीया	अमुना	अमुया	अमूहि	अमूहि
पंचमी	अमुस्मा अमुम्हा	,,	,,	,,

षष्ठी	अमुस्स	अमुया, अमुस्सा	अमूसं	अमूसं
सप्तमी	अमुस्मि	अमुस्सं	अमूसानं	अमूसानं
	अमुम्हि	अमुयं	अमूसु	अमूसु

यं प्रातिपदिक के रूप प्रथमा, द्वितीया में तम् की तरह है तथा पुल्लिग में शेष विभक्तियों में भी तं की ही तरह है। स्त्रीलिंग में या को प्रातिपदिक मानकर रूप चलाया गया है केवल षष्ठी, सप्तमी एकवचन में और षष्ठी बहुवचन में प्राचीन ऐतिहासिक रूप मिलता है।

सब्ब, विस्स, अञ्ञ, इतर, पर, अपर, पुब्ब, उत्तर, अधर, एकच्च, प्रभृति सर्वनामों के रूप प्रायः यं की तरह चलते हैं केवल अञ्ञ के स्त्रीलिंग के रूप में षष्ठी एवं सप्तमी में की जगह पर अञ्ञि विकल्प रूप आ जाता है।

५.५ संख्या-वाचक शब्दों में द्वि और उभ के प्रथमा एवं द्वितीया के विभक्तियों द्विवचनांत रूप पाली में सुरक्षित हैं। हैं। जैसे द्वे, दुवे, उभो। शेष में इनके बहुवचनांत रूप ही मिलते हैं। इन सभी संख्या वाचक शब्दों के रूप प्रथमा और द्वितीया से ही ऐतिहासिक रूप के संवादी हैं। शेष में उनकी प्रक्रिया बदल गयी है।

६

धातु रूप

६.० धातु रूप प्रक्रिया में पालि संस्कृत से नाम रूप की अपेक्षा और भी अधिक भिन्न है। मुख्य भेद ये हैं (१) द्विवचन का लोप हो गया है (२) भाव कर्मवाच्य में कर्तृवाच्य के ही प्रत्यय जुड़ने लगे हैं। (३) आत्मनेपदी रूप के स्थान पर परस्मैपदी रूप ही स्थान ग्रहण करने लगे हैं। आत्मनेपदी रूप केवल गाथा की भाषा में मिलते हैं। बाद की भाषा में केवल उसका शानच् वाला रूप ही दृष्टिगोचर होता है। (४) पूर्णभूत अर्थात् लिट् पालि में बिलकुल ही लुप्त हैं। (५) लुङ् और लङ् का एकीकरण हो गया है। (६) गाथा की भाषा में वैदिक लेट के भी कुछ अवशेष हैं (७) वर्त्तमान काल की रूप-शृंखला में अकारान्त धातुओं का ही प्राधान्य है जिसके कारण संस्कृत में जो धातु-रूप अकारान्त नहीं थे, वे भी पालि के अकारान्त रूप में भी बहुत अधिक मात्रा में परिवर्तित हो गये हैं, संस्कृत में अय से अन्त होनेवाले को धातु को एकारान्त धातुओं में परिवर्तित कर दिया गया है (८) लट् लकार या वर्त्तमान काल के धातु-रूप को ही धातु का आधार मान लिया गया है और उसी में प्रत्यय जोड़ने की प्रक्रिया पालि में होने लगी है, जिसके कारण संस्कृत की कदाचित् पालि की धातु-रूप-प्रक्रिया अधिक सरल हो गयी है (९) विशेष रूप से प्राचीन भाषा में आत्मनेपदी रूपों में बहुत ही प्राचीन रूप संरक्षित है (१०) विधि लिङ् आशीर् लिङ् का एकीकरण हो गया है।

६.१ वर्तमान काल की रूप प्रक्रिया—जिसके अन्तर्गत निर्देश (लट्), अभिप्राय (लेट्), आज्ञा (लोट्), तथा विधि (विधि लिङ्०) ये चार भाव आते हैं। पहले हम लट् का रूप लें जो कि पालि में रूप-प्रक्रिया का मुख्य आधार है। पालि में विकरण वर्तमान काल के अलावा भी लगता है, वस्तुतः धातु विकरणयुक्त होकर के ही रूपप्रक्रिया में आती हैं। पहले हम अकारान्त रूपप्रक्रिया का नमूना लें—

परस्मैपद्

	एक वचन	बहु वचन
अन्य पुरुष	लभति	लभन्ति
मध्यम पुरुष	लभसि	लभथ
उत्तम पुरुष	लभामि	लभाम

आत्मनेपद्

अन्य पुरुष	लभते	लभंते, लभरे (वैदिक रूप की अनुस्मृति)
मध्यम पुरुष	लभसे	(लभव्हे)
उत्तम पुरुष	लभे	(लभम्हे)

(१) गाथा की भाषा में लभामि के विकल्प रूप मे लभम् भी मिलता है।

(२) आत्मनेपदी रूप गाथा की भाषा में या कृत्रिम उत्तर भाषा में ही मिलता है।

(३) म्हे रूप महे का संक्षिप्त रूप है। कहीं-कहीं महे की जगह पर मसे भो मिलता है, कहीं-कहीं मसे और म्ह इन दोनों का मिश्रण म्हसे।

६.२ लेट् रूप बहुत विरल हैं। लेट् में केवल धातु और प्रत्ययके बीच एक अतिरिक्त प्रत्यय जुटता है। इसके उदाहरण

पालि में अधिक नहीं हैं। कहीं-कहीं ये छन्द के अनुरोध से भी अ की दीर्घता सम्भव है। इसलिये इसका प्रकट रूप यहाँ देना आवश्यक नहीं है।

६.३ अनुज्ञा (लोट), इसकी रूप प्रक्रिया इस प्रकार है:—

परस्मैपद्

	एक वचन	वहु वचन
अन्य पुरुष	लभतु	लभन्तु
मध्यम पुरुष	लभ, लभाहि	लभथ
उत्तम पुरुष	लभामि	लभाम

आत्मने पदी

अन्य पुरुष	लभतं	लभंतं
मध्यम पुरुष	लभस्सु	लभव्हो
उत्तम पुरुष	लभे	लभामसे

(१) परस्मैपद् के दोनों उत्तम पुरुष के रूप लट् के रूप के ही विस्तार हैं।

(२) मध्यम पुरुष एक वचन का विकल्प रूप अनकारान्त धातु रूप से आया है।

(३) मध्यम पुरुष बहुवचन का रूप भी लट् से आया है।

(४) आत्मनेपदी रूपों में उत्तम पुरुष एकवचन का रूप लट से आया है और मध्यम पुरुष एकवचन का रूप स्व का वर्णात्मक रूपान्तर है। व्हो ध्वं से निकला हुआ है, पर इसमें अनुस्वार को विसर्ग के रूप को अज्ञानवश मान लिया गया है।

६.४ विधि लिङ् रूप प्रक्रिया में प्राचीन रूप के साथ-साथ परस्मैपद् के अन्य रूपों की रचना का भी उदाहरण मिलता है—

परस्मैपद्

	एकवचन	बहुवचन
अन्य पुरुष	लभे, लभेय्य, लभेय्याति	लभेय्युं, लभेय्यु
मध्यम पुरुष	लभे, लभेय्य, लभेय्याति	लभेथ, लभेय्याथ
उत्तम पुरुष	लभेय्यामि, लभे, लभेयं	लभेम, लभेमु, लभेय्याम

आत्मनेपद्

अन्य पुरुष	लभेथ	(लभेरम्)
मध्यम पुरुष	लभेथो	(लभेय्यव्हो)
उत्तम पुरुष	(लभेय्यं)	(लभेमसे), (लभेयम्हे)

(१) लभेयं का ही वर्णनात्मक रूपान्तर है लभेय्यं। बहुवचन में थ (संस्कृत के त के लिये) लट् से लिया गया है।

(२) उसी तरह से संस्कृत के लभे>त् लभेः के वजन पर उत्तम पुरुष एकवचन में लभेम् को कल्पित रूप मानकर पालि में लभे रूप प्राप्त होता है।

(३) येय्य प्रत्यय आशीर् लिङ् और विधिलिङ् के सम्मिश्रण का परिणाम है।

(४) आत्मनेपद् रूप में मध्यम पुरुष एकवचन में लभेथो, लभेथा के स्थान पर है। कहीं-कहीं लभेथ भी मिलता है।

(५) लभेत् की जगह पर लभेथ अन्य पुरुष एकवचन में असामान्य है।

६.५ इस अकारान्त रूप प्रक्रिया में अय में अन्त होनेवाली धातु नहीं आती, क्योंकि वे संकोचन के द्वारा एकारान्त बन जाती हैं जैसे—जयति>जेति, नयति>नेति, इसी तरह से अव में अन्त होनेवाली धातुओं के स्थान पर ओकारान्त धातुएँ आ जाती हैं, जैसे—भवति>होति, य में अन्त होनेवाली धातुएँ भी अकारान्त ही जैसी चलती हैं। इस प्रकार संस्कृत अकारान्त रूप विस्तार

से पालि में तीन रूप विस्तारों ने जन्म लिया है अकारान्त, एकारान्त और ओकारान्त। प्राचीन भाषा में अकारान्त रूप ही अधिक प्राप्त हैं।

६.६ अनकारान्त धातुओं में से हन्, अस्, आकारान्त धातु, इ ये ही अदादिगण में सुरक्षित रूप हैं, शेष का अकारान्त में ही विलयन हो गया है। अस् धातु का रूप यों है—

लट्

	एकवचन	बहुवचन
अन्यपुरुष	अस्ति, अत्थि	सन्ति (सन्ते),-विरल रूप
मध्यमपुरुष	असि	स्थ
उत्तमपुरुष	अस्मि, अम्हि	स्म, म्ह

लोट्

अन्यपुरुष	अत्थु	

लिङ्

अन्यपुरुष	सिया,	सियुं, अस्सु
मध्यम पुरुष	अस्स	स्थ
उत्तमपुरुष	सियं, अस्सं	अस्साम

(१) इसमें भी केवल गाथा की भाषा को आत्मने पदी रूप कभी-कभी मिलते हैं।

(२) विधिलिङ् के सिय, सिया और सियुं रूप संस्कृत से ही स्वरभक्ति के द्वारा प्राप्त हैं।

६.७ जुहोत्यादिगण की धातुओं में दा, धा के रूपों के अवशेष प्राप्त हैं। दा के कई रूप पालि में मिलते हैं—ददा, दद, दे और दिय।

६.८ इसी प्रकार रुधादिगण की धातुओं को भी अकारान्त

बना लिया गया है। केवल क्र्यादिगण की धातुओं के नाकारान्त रूप को प्रमुखता दे दी गयी है। संस्कृत की तरह ना और नी दो रूप, गुण और ह्रसित श्रेणी के रूप में नहीं मिलते। ग्रह् धातु के गण्हा, गण्ह ये दोनों रूप मिलते हैं। स्वादिगण की धातुओं का पालि में प्रायः या तो अकारान्त धातुओं में विलयन किया गया है या क्रयादिगण में, जैसे प्राप्नोति>पापुनाति। कहीं-कहीं इन्हें ओकारान्त भी बना दिया गया है।

६.९ भविष्यत् काल (लृट्) और हेतहेतुमद्भूत (लृङ्) के रूप में दो प्रकार हैं, जो संस्कृत के स्य और इष्य से उद्गत हैं केवल उत्तम पुरुष एकवचन के स्थान पर अम् और उत्तम पुरुष बहुवचन मो के स्थान पर म इसमें मिलता है। इसकी रूप प्रक्रिया में लट् की रूप प्रक्रिया से और कोई भेद नहीं है। यह जरूर है कि इसमें कुछ ऐतिहासिक रूप भी मिल जाते हैं जैसे शक्ष्यति>सक्खिति या जैसे कर्ष्यामि>कस्सम्। कहीं-कहीं स्य और इष्य के स्थानपर हि या इहि भी मिलता है। लङ् की रूप प्रक्रिया संस्कृत के ही आधार पर है। अनकारान्त धातुओं की रूप-प्रक्रिया में केवल यही विशेषता है कि उनका विकरण लट् और लङ् में भी संरक्षित रहता है।

६.१० भूतकाल की रूप-प्रक्रिया की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल लुङ् ही मिलता है। लङ् और लिट् का लोप हो जाता है। दूसरी विशेषता यह है कि पालि में अडागम का प्रायः लोप हो जाता है। अड् के लोप के सम्बन्ध में वाकरनाकल ने यह नियम बनाने की कोशिश की है—(१) एकाक्षरी धातुओं के बाद अडागम रहता है। जैसे—अदं, अगा। (२) अडागम द्व्यक्षरी धातुओं में भी अकारान्त और सकारान्त लुङ् रूपों में सुरक्षित रहता है। (३) भाषा के प्राचीनतम युग में अडागम इष् में अन्त होनेवाले लुङ् रूपों से

स्वैच्छिक है, पर इस प्रकार के रूपों के बाद भी भाषा में अडागम का लोप निश्चित है। (४) त्र्यक्षरी धातुओं में अडागम निश्चित रूप से संरक्षित है। (५) इस आगम का लोप पहले कम पर बाद की भाषा में अधिक मिलता है। लुङ् के पालि में चार प्रकार मिलते हैं—

(१) पहला प्रकार जिसमें प्रत्यय और धातु के बीच में कुछ नहीं जुड़ता है। इसकी प्रक्रिया इस प्रकार है—दा धातु परस्मैपद—

	एक वचन	बहुवचन
अन्यपुरुष	अदा	अदू, अदुं
मध्यमपुरुष	अदो (अदा)	अदत्थ
उत्तमपुरुष	अदं	अदम्ह

यह रूप प्रक्रिया संस्कृत से साक्षात् रूप में व्युत्पन्न है।

(२) दूसरा प्रकार जिसमें अ धातुओं और प्रत्ययों के बीच में जुड़ता है। जैसे गम् धातु से।

	एकवचन	बहुवचन
अन्युपुरुष	अगमा	अगमुं
अध्यमपुरुष	अगमा	अगमथ (अगमत्थ)
उत्तमपुरुष	अगमं	अगमाम (अगमम्ह)

इसमें अगमम्ह और अगमत्थ ये सकारान्त लुङ् की प्रक्रियासे आये हैं। इस प्रकार के कुछ आत्मने पद रूप भी हैं।

(३) तीसरा प्रकार सकारान्त लुङ् जैसे श्रु और कृ धातु से ये रूप बनते हैं—

	एकवचन	बहुवचन
अ० पु०	अस्सोसि, अकासि	अस्सोसुं, अकासुं (अकंसु)
म० पु०	अस्सोसि, अकासि	अस्सुत्थ, अकत्थ
उ० पु०	अस्सोसिं, अकासिं	

इसमें ओ की जगह पर ऊ बहुवचन में संकोचन के द्वारा है। इसी प्रकार ष्ट के स्थान पर इसमें थ भी असामान्य है। इसमें कुछ आत्मने पद रूप भी हैं।

(४) चौथा प्रकार इष् में होनेवाला लुङ् जैसे गम् धातु से

	एकवचन	बहुवचन
अन्यपुरुष	अगमि	अगमिसु, अगमिंसु
मध्यमपुरुष	अगमि	अगमित्थ
उत्तमपुरुष	अगमिसं, अगमिं	अगमिम्ह

पहला प्रकार गाथा की भाषा तक ही अधिकतर सीमित है और इसके अन्तर्गत स्वरान्त धातुएँ ही आती हैं।

दूसरे प्रकार में अनेक प्रकार की धातुएँ आती हैं, लेकिन इनके सम्बन्ध में कोई नियम नहीं है।

तीसरे प्रकार में आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त और ऋकारान्त धातुएँ आती हैं। कुछ ऐतिहासिक रूप भी इसके अन्तर्गत मिलते हैं। कहीं-कहीं इन धातुओं के अनेक प्रकार के भी रूप मिलते हैं। जैसे अदा, अदासि।

चौथे प्रकार के रूप ही गद्य में अधिक मिलते हैं और सबसे अधिक रूप इसी के अन्तर्गत मिलते हैं।

६.११ पालि में सहायक क्रिया की सहायता से रूप बनने की क्रिया अभी कुछ ही शुरू हुई है। जैसे ठितोम्हि, सयानोम्हि या समादाय वंत्तति।

६.१२ कर्मवाच्य य, इय या ईय छोड़कर बनता है पर इसकी रूपप्रक्रिया परस्मैपद में ही चलती हैं। इसी प्रकार प्रेरणार्थक भी अय लगाकर बनता है। अय का ए रूप हो जाता है परन्तु प्रायः पुक् का आगम पालि के नित्य रूप में आता है इसके कारण द्वित णिजत रूप पालि में अत्यधिक संख्या में

मिलने लग गये हैं जैसे पपापेति, कम्पापेति। पालि में सन्नन्त रूप अधिक नहीं हैं, पर जो हैं वे वैदिक रूप से ही व्युत्पन्न हैं। पालि में यङ्‌०लुङ०न्त रूप भी कम हैं वे संस्कृत से ही व्युत्पन्न हैं। नाम धातु की प्रक्रिया आय, आपय, और अय में बहुत अधिक व्यापक है।

७

शब्द रचना

७.१ पालि शब्द रचना का विचार दो भागों में विभाजित किया जा सकता है कृदन्त प्रक्रिया और तद्धित प्रक्रिया। कृदन्त प्रक्रिया के अन्तर्गत मुख्यतः निम्नलिखित प्रत्यय आते हैं :—

(१) शतृ और शानच् के लिये क्रमशः त और मान (शानच प्रत्यय पालि में आत्मनेपदी के अलावा परस्मैपदी धातु से भी लगते हैं), मान के स्थान पर आन में अन्त होनेवाले रूप पालि में केवल गाथा तक सीमित है।

(२) निष्ठा के स्थान पर त, इत (सबसे अधिक रूप इसी के अन्तर्गत मिलते हैं) न और तवतु के स्थान पर तवंत और ताविन् रूप मिलते हैं।

(३) तव्यत् के स्थान पर तब्ब भविष्यत् के अर्थ में अनीयर के स्थान पर अनीय या अनेय्य और यत् के स्थान पर य (केवल प्राचीन भाषा में) मिलता है। इनके अलावा ताय, तय्य, तेय्य, में अन्त होनेवाले भविष्यदर्थक क्रिया-प्रत्यय पालि में भी मिलते हैं।

(४) तुमुन् के अर्थ में पालि में तुं अनुस्वारान्त के अलावा तवे (वैदिक रूप से प्राप्त) तवे, तुये, ताये, तसे रूप भी पालि में मिलते हैं। पालि में तुमुन् के रूप प्रायः लट् लकार की धातु-प्रक्रिया से सम्बद्ध है।

(५) पूर्वकालिक क्रिया के अर्थ में क्त्वा और ल्यप् के लिये त्वा और य रूप पालि में मिलते हैं। कहीं-कहीं त्वान रूप भी है

पर इसका प्रयोग प्रायः प्राचीन भाषा में है। पालि में ल्यप् रूप अधिक व्यापक नहीं है और उपसर्ग के योग में भी त्वा रूप ही अधिक प्रचलित हैं। ल्यप्वाला रूप अधिकतर स्वरान्त धातुओं तक सीमित हैं और ल्यप् के रूप में स्वरभक्ति के कारण य के पूर्व अधिकतर इ भी आ जाता है।

७.२ तद्धित प्रक्रिया के अन्तर्गत मुख्यतः निम्नलिखित प्रत्यय आते हैं—

(१) तुलनार्थक प्रत्यय ईयसुन् और इष्ठ के स्थान पर येय्य और येट्ठ मिलते हैं, पर इस अर्थ में अधिकतर तर और तम प्राप्त होते हैं।

७.३ स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में क, अक और इक बहुत अधिक व्यापक हैं।

७.४ भावार्थिक प्रत्यय त्व त्वं भी व्यापक हैं। विशेषणार्थक प्रत्यय इक इम इस यस प्रचलित हैं।

अभिलेखीय प्राकृत

८.० मध्यभारतीय आर्यभाषा के द्वितीय पर्व में अभिलेखीय प्राकृत भाषाएँ आती हैं। इनकी सामग्री मुख्यतः अशोक के अभिलेखों, महास्थान, जोगीमारा, सौहगौरा, बेसनगर, हाथी-गुम्फा, सिंहल के अभिलेखों तथा निय और खोतान प्रदेश के लेखों में जो प्राप्त हुई हैं और काल-विभाजन की दृष्टि से इनका समय ईसा के ४०० पूर्व से लेकर ईसा के आस-पास तक है। देश-भेद से इनके मुख्यतः चार भाग किये जा सकते हैं—(१) सुदूर उत्तरी, (२) उत्तर पश्चिमी, (३) मध्य, (४) प्राच्य। प्राच्य के अन्तर्गत ही मध्य प्राच्य और प्राच्य—ये इनकी विभाषाएँ आती हैं और मध्य के अन्तर्गत ही पश्चिमी और मध्य भाषाएँ आती हैं। उत्तर पश्चिम और सुदूर उत्तर की भाषाओं के लेख खरोष्ठ्री लिपि में और देश ब्राह्मी लिपि में प्राप्त होते हैं। खरोष्ठ्री लिपि की तीन विशेषताएँ मुख्य हैं—(१) ये दाएँ से बाएँ की ओर लिखी जाती हैं, (२) इनका दीर्घ स्वर अलग-अलग संकेतित नहीं हैं, (३) इनका द्वित्ववाला संयुक्ताक्षर एकाक्षर के रूप में ही लिखे जाते हैं।

८.१ सुदूर उत्तर की भाषा, जिसे निय प्राकृत भी कहा गया है, शानशान राज्य भाषा थी और इसकी आधार सामग्री वस्तुतः राजकीय आदेशों और पत्रों के रूप में सुरक्षित हैं। इनका समय एक से लेकर तीन शताब्दी हैं। यह भाषा उत्तर-पश्चिम भारत से गई हुई है पर इस पर ईरानी, तुखारी और मंगोल भाषाओं

का भी प्रभाव स्पष्ट ही है। खोतान प्रदेश की भाषा में लिखा धम्मपद, जो इसी भाषा के प्राचीन रूप में लिखा गया है, इसी सुदूर उत्तर भाषा की सामग्री प्रस्तुत करता है। इसकी मुख्य वर्ण संघटनात्मक विशेषताएँ ये हैं—(१) अन्त्य य या ये>ई। जैसे भावनायां>भमणइ, मूल्य>मुलि, (२) आद्य स्थिति में न आनेवाला ए भी इ में परिवर्तित हो जाता, जैसे उपेतः>उवितो, (३) अन्त्य ओ>उ, जैसे प्रातः>प्रतु, (४) ह्, प्र और त्र के बाद आनेवाला उ>ओ, जैसे वहु>वहो, (५) दो स्वरों के बीच में आनेवाला स्पर्श ऊष्म और ओष्म वर्ण घोष हो जाता है और स्पर्श प्रायः ह श्रुति में अवशिष्ट रह जाते हैं। जैसे यथा>यध, सतिके>सदिइ, भोग>भोह। साथ ही अनुनासिक और ऊष्म के संयोग से भी अघोप व्यंजन घोष रूप धारण कर लेता है, जैसे संकल्प>सगप, पञ्च>पज, संस्कार>सघर, हंति>हदि, (६) ईरानी भाषा के प्रभाव से घोष महाप्राण का अल्प प्राणीकरण भी दृष्टिगोचर होता है। जैसे भूमि>बूम, सध>सद, (७) कहीं-कहीं ऊष्म उच्चारण के प्रावल्य के कारण ध भी ऊष्म रूप धारण कर लेता है। जैसे मधुरो>मसुरु, मधु>मसु, (८) तीनों ऊष्म वर्ण इसमें सुरक्षित हैं पर प्रधानता दन्त्य ऊष्म की है। साथ ही इसमें घोष ज और झ और रा तथा ड़ भी सुरक्षित हैं, (९) कभी-कभी व>म, जैसे भावना>भमन, (१०) ऋ>अ उ रु ऋ, जैसे संवृतः>सम्‌ऋतो, स्मृति>स्वति, (११) अन्त्य विसर्ग ओ या उ में परिणत हो जाता है, (१२) र और ल के साथ संयुक्ताक्षर सुरक्षित मिलते हैं, (१३) अनुनासिक के साथ अघोष स्पर्श के संयोग होने पर अनुनासिक का और घोष स्पर्श के साथ संयोग होने पर स्पर्श का समीकरण हो जाता है। जैसे पंडित>पणिदो, (१४) श्र>ष जैसे श्रावक>षवक, क्ष और श्र संयुक्ताक्षर सुरक्षित हैं पर ष्ट और ष्ठ का समीकरण स्पर्श में हो गया है। म्, त् के बाद व् में,

ऊष्व् के बाद प् में परिणत हो जाता है, जैसे आत्मनः>अत्वन, विश्वसेत्> विस्पशि। रूप संघटना में मुख्य विकास ये हैं—(१) कहीं-कहीं द्विवचन रक्षित मिलता है, (२) षष्ठी एक वचन का प्रत्यय अस या अज्ञ है। (३) तिङन्त रूप केवल लट्, लृट्, लोट् और विधि लिङ् के ही मिलते हैं। विधि लिङ् के प्रत्यय प्रायः मुख्य प्रत्यय ही हैं। अतीत कालिक क्त प्रत्यय के साथ अन्ति लगाकर अन्य पुरुष बहुवचन में और अस् धातु के अन्य रूप के साथ अन्य वचनों और पुरुष में। जैसे दत्तोसि> दितेसि, गताः> गतंति (४) इसमें त्वी से निकला हुआ ती और त्वान् से निकला हुआ त्मन् और य से निकला हुआ इ रूप पूर्वकालिक क्रिया के लिए मिलते है, (५) तुमुन् के रूप ल्युट् प्रत्ययान्त कृदन्त के चतुर्थी के एकवचन के रूप में विकसित हैं। जैसे गच्छनाय> गछंनये।

८.२—उत्तर-पश्चिमी भाषा के दो रूप मिलते हैं—(१) शह-वाजगढ़ी में पाये गये अशोक अभिलेखों में, (२) मानसेरा में पाये गये अशोक अभिलेखों में। वस्तुतः मानसेरा की भाषा मध्य प्राच्य भाषाओं से प्रभावित उत्तर-पश्चिम की भाषा है। उदाहरण के लिए अकारान्त प्रातिपदिक प्रथमा एकवचन में शहवाजगढ़ी में—ओ में अन्त होनेवाले रूप मिलते हैं और मानसेरा में ए में। शहवाजगढ़ी आद्य भ>ह में परिवर्तित नहीं होता जबकि मानसेरा में होता है। इस उत्तर-पश्चिम वर्ण संघटना की मुख्य विशेषताएँ ये हैं—(१) ऋ>रि, रु या र (शहवाजगढ़ी में बाद में आनेवाला दन्त्य स्पर्श का मूर्धन्यीकरण हो जाता है, मानसेरा में नहीं, (२) क्ष>छ जैसे मोक्ष> मोछ (३) स्म और स्व> स्प, जैसे स्मिन> स्पि, स्वर्गम्> स्पग्रम्, (४) र के साथ संयुक्ताक्षर प्रायः समीकृत नहीं होता, (५) स के साथ संयुक्ताक्षर कभी-कभी समीकृत हो जाते हैं और उनके कारण कभी-कभी इनके बाद

आनेवाला दन्त्य स्पर्श का मूर्धन्यीकरण होता है और कभी नहीं भी होता। दन्त्य स्पर्श मूर्धन्यीकरण दूसरी भाषाओं की अपेक्षा इसमें अधिक परिलक्षित हैं, (६) व्यंजन के बाद आनेवाला य व्यंजन में समीकृत होता है जैसे कल्याण> कलण, (७) ज्ञ और न्य> ञ जैसे यज्ञ> यञ, अन्य> अञ। आद्य स्थिति में न आनेवाला ह प्रायः क्षीण ध्वनि होने के कारण लुप्त-सा लिखा जाता है। संक्षेप में संघटना की दृष्टि से यह संस्कृत की दूसरी भाषाओं की अपेक्षा अधिक समीप है, पर रूप संघटना पर यह पश्चिमी मध्य भाषा की अपेक्षा संस्कृत से बहुत विप्रकृष्ट है, क्योंकि इसमें तिङन्त प्रक्रिया संस्कृत से सर्वथा पृथक् है।

८.३ मध्य भाषा की दो शाखाएँ कही जाती हैं—(१) दक्षिण-पश्चिमी जो गिरनार के अशोक अभिलेखों में सुरक्षित हैं और (२) मध्य जो बेसनगर और हाथीगुम्फा अभिलेखों की भाषा में बाद में सुरक्षित है। इसी मध्य भाषा का साहित्यिक रूप पालि भाषा है और इसी का उत्तरकालीन विकसित रूप शौरसेनी प्राकृत है। इस भाषा की वर्ण संघटनात्मक मुख्य विशेषताएँ ये हैं—(१) इसमें तीन ऊष्मों के स्थान पर केवल स मिलता है और प्रायः इनके साथ संयुक्ताक्षरों का समीकरण नहीं होता। जैसे अस्ति> अस्ति, हस्ति> हस्ति, स्था> स्टित और तिष्ठन्> तिस्टन्तो (३) क्ष> च्छ, जैसे वृक्ष> वृच्छ (४) र के साथ संयुक्ताक्षरों का समीकरण होता है पर सार्वत्रिक नहीं है। य के साथ संयुक्ताक्षरों का समीकरण होता है केवल व्य रूप सुरक्षित मिलता है, (५) ऋ> अ या उ, जैसे मृग> मग, वृत्त> वुत, (६) त्व और त्म> त्प, द्व—द्व, ह्म्> म्ह। इनकी वर्णसंघटना में संस्कृत का प्रभाव और भाषाओं की अपेक्षा अधिक है। इसीमें आत्मनेपदी रूप सबसे अधिक सुरक्षित है, साथ ही सुबन्त रूप भी इसमें अधिक प्राचीन हैं। पूर्वकालिक क्रिया के लिए तु, तवे, त्या और य

प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है। इसमें लुङ् और लङ् दोनों के रूप भी सुरक्षित हैं।

८.४ प्राच्य भाषा के दो रूप हैं—(१) मध्य प्राच्य और प्राच्य, मध्य प्राच्य भाषाओं के नमूने कालसी(देहरादून जिले में), तोपरा, वैराट, गुजर्रा, के अभिलेखों में सुरक्षित हैं तथा प्राच्य भाषा के रूप सोहगौरा, रुम्मिनदेई, लौरिया, सारनाथ, रमपुरवा, जौगड़ और धौली के अभिलेखों में सुरक्षित हैं। मध्य भाषा की मुख्य वर्णसंघटनात्मक विशेषताएँ ये हैं—(१) र>ल अन्त्य ओ (>अः)>ए मध्यवर्ती औ>ए, क्ष>ख, ऋ>अ इ उ स्मिन्> अंसि। संयुक्ताक्षरों के समीकरण की प्रवृत्ति प्रायिक है। भ>ह। स्वर मध्यवर्ती क>ग सार्वत्रिक नहीं है। दन्त्य ध्वनि तालव्य ध्वनि के सन्निकर्ष में तालव्य और मूर्धन्य के सन्निकर्ष में मूर्धन्य में प्रायः समीकृत होती है। (२) प्राच्य भाषा की अपेक्षा मध्य प्राच्य की अपनी विशेषताएँ ये हैं—(१) तीनों ऊष्म सुरक्षित हैं (२) अन्त्य अ प्रायः दीर्घ हो जाता है। स्वार्थिक क का क और क्य दोनों रूपों में अत्यधिक बाहुल्य और स्म>फ जैसे तुष्मे> तुफे। वर्णसंघटना की दृष्टि से मुख्य विशेषताएँ ये हैं—(१) इसमें अहं के स्थान पर हकं और मम को प्रातिपदिक मानकर रूप प्रक्रिया मिलती है। इसमें शानच् प्रत्यय के लिए मीन रूप प्राप्त होता है, जैसे पायमीन।

८.५ अश्वघोष के नाटकों में पायी जानेवाली प्राकृत में इन अभिलेखों की भाषा का एक विकसित रूप तथा साहित्यिक प्राकृतों का पूर्वरूप पाया जाता है। अश्वघोष की प्राकृत का नमूना भी जिन पांडुलिपियों से प्राप्त है, वे पांडुलिपियाँ तिथिक्रम में अन्य नाटकों की पांडुलिपियों की अपेक्षा प्राचीनतर हैं। इसलिए भी उस भाषा का वास्तविक रूप अधिक सुरक्षित है।

९

साहित्यिक प्राकृत भाषाएँ

९.० साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत प्राकृत वैयाकरणों द्वारा व्याकृत भाषाएँ आती हैं। इन भाषाओं का उपयोग मुख्यतः धार्मिक और लौकिक साहित्य की रचना में हुआ है। यद्यपि इनके नाम देशगत हैं, पर इन्हें इन देशों की भौगोलिक सीमा में बाँधना उपयुक्त नहीं है। ये समस्त भाषाएँ पृथक्-पृथक् विकास अवस्थाओं का निदर्शन कराती हैं पर इनमें कुछ-कुछ प्रदेशगत वैशिष्ट्य भी है। इन भाषाओं का सम्बन्ध इसीलिए कुछ-कुछ हद तक पूर्ववर्ती अभिलेखीय विभाषाओं से स्थापित किया जा सकता है। ये भाषाएँ ये हैं—महाराष्ट्री, शौरसेनी, अर्धमागधी, मागधी, पैशाची। वस्तुतः विकास में शौरसेनी और महाराष्ट्री विकास के अनुक्रम में क्रमशः पूर्व और उत्तर हैं। शौरसेनी में मध्यवर्ती एकल दन्त्य ध्वनियों का मात्र घोषीकरण होता है लोप नहीं, महाराष्ट्री में एक अवस्था आगे जाकर लोप भी हो जाता है। जैसे हृदय>हिदअ (शौ०) और हिअअ (म०)। शौरसेनी में रूप संघटना भी संस्कृत के अधिक समीप है। अर्धमागधी और मागधी क्रमशः मध्यप्राच्य और प्राच्य भाषाएँ हैं। अर्धमागधी में प्राचीन जैन साहित्य सुरक्षित है, पर प्रस्तुत रूप बहुत बाद का है क्योंकि प्राचीन जैन आगमों को लिपिबद्ध करने का कार्य ईसा की चौथी शताब्दी की बाद ही हुआ है। मागधी भाषा के उदाहरण केवल संस्कृत नाटकों में अधम पात्रों की भाषा में मिलते हैं और उसके अनेक उपभेद भी प्राप्त होते हैं। पैशाची

के बहुत ही विरल रूप यत्रतत्र प्राकृत व्याकरणों में मिल जाते हैं। जनश्रुति है कि पैशाची में ही गुणाढ्य ने ईसा के आसपास वृहत्-कथा की रचना की थी, किन्तु वह मूलपैशाची में अब लुप्त हो गयी हैं। उसके तीन संस्कृत-संस्करण जरूर मिलते हैं। इन्हीं साहित्यिक प्राकृतों के अन्तर्गत ही आधुनिक सिंहली की पूर्व-वर्तिनी एड़ु भाषा भी आती है। शौरसेनी भाषा का उपयोग संस्कृत-नाटकों में उत्तम स्त्री पात्रों और मध्यपुरुष-स्त्री—दोनों पात्रों की भाषाओं के रूप में हुआ है। दसवीं शताब्दी में राज-शेखर ने शौरसेनी प्राकृत में ही पूरा कर्पूरमंजरी नामक सट्टक लिखा। महाराष्ट्री का उपयोग काव्य की भाषा के रूप में, विशेष रूप से मुक्तक काव्य की भाषा के रूप में हुआ। हाल की गाहा-सत्तसई मुक्तक काव्य का उत्कृष्ट संकलन है। बाद में कंसवहो, रावणवहो, गउडवहो जैसे महाकाव्यों में भी हुआ। इन सभी साहित्यिक प्राकृतों की वर्ण संघटना की मुख्य विशेषताएँ जो सब में समान हैं ये हैं—(१) संयुक्ताक्षरों की संघटना प्रथम मध्य भारतीय भाषा काल के बहुत कुछ सदृश होते हुए इस माने में उससे आगे विकसित है कि इसमें संयुक्ताक्षरों की संख्या कुछ अधिक सीमित और व्यवस्थित हो गयी है। य र ल व के साथ संयुक्ताक्षर इसमें नहीं मिलते, (२) दो स्वरों के बीच में आने-वाला एकल व्यंजन अब क्रमशः या तो लुप्त होने लगा है या केवल ह श्रुति या य श्रुति के रूप में अवशिष्ट रहने लगा है। जैसे मृग>मिअ और मिय (अर्धमागधी) या रासभ>रासह। केवल मूर्धन्य स्पर्श व्यंजन प्रायः अपनी सत्ता कायम रखते हैं तथा शौरसेनी, अर्धमागधी और मागधी में दन्त्य ध्वनियाँ भी अपनी सत्ता कायम रखती हैं। इन तीनों में दन्त्य ध्वनियों के घोषी-करण की प्रवृत्ति भी मिलती है। पैशाची भाषा में मध्यवर्ती और आद्य एकल घोष व्यंजनों का अघोषीकरण भी व्याकरणों में

निर्दिष्ट मिलता है। जैसे दामोदर>तामोतर और गगन>ककन, (३) व्यत्यय एवं समीकरण के कारण भी वर्ण संघटना में परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगा है। जैसे लघुक>हलुअ, (४) न ण और ल में र ल द और ड में परस्पर विनिमय की प्रवृत्ति भी भिन्न-भिन्न भाषाओं में भिन्न-भिन्न रूप से दृष्टिगोचर होने लगी हैं। महाराष्ट्री में ण न के लिए समस्त स्थितियों में ण का आना सुलभ है। अर्धमागधी में आद्य स्थिति में न के लिए ण का आना असम्भव है और पैशाची में ण के लिए भी समस्त स्थितियों में न का ही आना निर्दिष्ट है। इसी प्रकार र के लिए ल की प्रवृत्ति मागधी में अधिक अर्धमागधी में उससे कम तथा ल के लिए भी र की प्रवृत्ति पैशाची में बहुत अधिक दूसरी पश्चिमी भाषाओं में कम दृष्टिगोचर होती हैं। संख्या वाचक शब्द में द के लिए र प्रायः सार्वत्रिक है, (५) इन सभी भाषाओं में अर्धमागधी को छोड़कर विवृत्ति (Hiatus) की प्रवृत्ति अत्यधिक है और विवृत्ति के अनन्तर सवर्ण स्वरों का प्रश्लेष भी दृष्टिगोचर होता है। अर्ध-मागधी के य श्रुति अपनी अलग विशेषता रखता है। (६) इन समस्त भाषाओं में केवल एक ही ऊष्म मिलता है। महाराष्ट्री शौरसेनी और अर्धमागधी में स और मागधी में श। रूप संघटना की दृष्टि से इन भाषाओं की सामान्य विशेषताएँ ये हैं—(१) हलन्त प्रातिपदिक का अजन्त प्रातिपदिक में सर्वथा विलयन हो गया है (२) तिङन्त प्रक्रिया में लुङ् और लङ् एवं लृट् का भी सर्वथा अभाव मिलता है, केवल अर्धमागधी में लङ् के कुछ रूप सुरक्षित मिलते हैं। अतीत काल का बोध कराने के लिए क्त प्रत्यय का प्रयोग अधिक व्यापक हो चला है। भविष्यत् काल के बोध के लिए भी इसी प्रकार तव्यत् और अनीयर् प्रत्ययों के प्रयोग भी प्रचलित हो चले हैं (३) आत्मनेपद का परस्मैपद में सर्वथा विलयन हो गया है (४) पालि में सुरक्षित ऐतिहासिक रूप

क्रमशः अब नई अवस्था में खप नहीं सकने के कारण लुप्त हो रहे हैं, (५) वर्ण संघटना में और अधिक विकास होने के कारण रूप संघटना में समीकरण और सदृशीकरण अपने उत्कर्ष पर है। इसके परिणामवश अर्थ की स्पष्टता के लिए परसर्गों का प्रयोग भी प्रारम्भ हो गया है (६) स्वार्थिक प्रत्ययों का प्रयोग अत्यधिक इल, आल, छ ट ड, त्वन जैसे नये प्रत्ययों का आविर्भाव भी हुआ है।

९.१ महाराष्ट्री की अपनी अलग विशेषतायें निम्नांकित हैं—(१) महाराष्ट्री में स्वरमध्यवर्ती स्पर्श व्यंजनों का सर्वत्र लोप हो गया है। महाप्राण स्पर्श व्यंजनों के स्थान पर शून्य और अल्प-प्राण के स्थान पर ह् ही मिलते हैं, केवल टवर्ग सुरक्षित मिलाता है, (२) मध्यवर्ती स भी प्रायः ह में परिणत मिलता है। जैसे पाषाण>पाहाण, (३) अघोष अल्पप्राण कभी-कभी महाप्राणित हो जाता है। जैसे निकष>ण्हस या भरत>भरह, (४) न के लिए ण एकल स्थिति में भी मिलता है तथा तुमुन् के अर्थ से त्वान से से निकला हुआ तूण और ऊण प्रत्यय मिलता है। सुबन्त प्रक्रिया में अधिकरण एकवचन के लिए स्मिम् के स्थान में म्मि और अपादान एकवचन में अहि मिलता है। विधिलिङ्ग की प्रक्रिया प्रायः अर्धमागधी और महाराष्ट्री के सदृश है, शौरसेनी की प्रक्रिया संस्कृत से उद्भूत है। महाराष्ट्री में कुछ प्राचीन क्रिया रूप की रक्षा भी मिलती है। जैसे कृणोति>कुणइ।

९.२ शौरसेनी की मुख्य विशेषताएँ ये हैं–(१) स्वर मध्यवर्ती दन्त्य स्पर्श इनका केवल घोषीकरण हो जाता है। जैसे कथयतु> कधेतु (२) क्ष>ख होता है जबकि महाराष्ट्री में ख>छ होता है, (३) द्वित्व व्यंजनों का सरलीकरण महाराष्ट्री और अर्धमागधी की अपेक्षा इसमें कम है, (४) इसकी रूप-संघटना संस्कृत के अधिक समीप है जहाँ निदर्शन विधिलिङ् के प्रक्रिया में मिलती है, इसमें

महाराष्ट्री और मागधी में इज्ज प्रत्यय नहीं पाया जाता। उसी प्रकार इज्ज के स्थान पर इसका इस संस्कृत के य से स्वरभक्ति द्वारा साक्षात् उद्भूत है पाया जाता है। पूर्वकालिक क्रिया के लिए इसमें त्वा की अपेक्षा इअ रूप जो ल्यप् से उद्भूत है अधिक मिलता है। पंचमी एकवचन में इसके तसिल् और आत् के मिश्रण से आदो प्रत्यय मिलता है।

९.३ **अर्धमागधी**—अर्धमागधी कोशल की भाषा थी। जैन आचार्यों ने इसे आर्षी आदि भाषा माना है। एक प्रकार से यह शौरसेनी और मागधी के बीच की भाषा है इसीलिए इसमें कुछ-कुछ दोनों के लक्षण मिलते हैं। यह जैन सम्प्रदाय की धार्मिक भाषा होने के कारण पालि की भाँति बहुत रूढ हो गयी। इसमें बोली जानेवाली भाषा का सहज रूप प्रायः लुप्त-सा है। संस्कृत-नाटकों में भी इसका प्रयोग जैन साधुओं की भाषा के रूप में हुआ है। इस भाषा से प्रभूत दो विभाषाएँ शौरसेनी और महाराष्ट्री की भी मिलती हैं, जिन्हें भाषाविदों ने क्रमशः जैन शौरसेनी और जैन महाराष्ट्री नाम दिये हैं। उनमें कथासाहित्य विपुल मात्रा में सुरक्षित है, और वे क्रमशः मथुरा और पश्चिमी अंचल के जैन सम्प्रदायों के द्वारा प्रणीत साहित्य में व्यवहृत हुए हैं। अर्धमागधी की अपनी अलग विशेषताएँ ये हैं—(१) इसमें र और ल दोनों ध्वनियाँ विद्यमान हैं और र के लिए ल सार्वत्रिक न होते हुए भी प्रचुर है। (२) इसमें स्वर मध्यवर्ती अघोष ध्वनियों के स्थान पर य श्रुति सार्वत्रिक है। जैसे सागर>सायर, कृत>कय, इसमें कहीं-कहीं स्वर मध्यवर्ती घोष ध्वनियाँ सुरक्षित भी हैं। जैसे लोकस्मिन्>लोगंसि (३) इसमें अन्य प्राकृतों की अपेक्षा मूर्धन्यीकरण की प्रवृत्ति बहुत अधिक हैं (४) इसमें शौरसेनी की ही भाँति तीन ऊष्मों की भाँति केवल स है श नहीं। (५) स्स इसमें प्रायः स में ह्रसित हो जाता है और इसके पूर्व का ह्रस्व

स्वर दीर्घता प्राप्त कर लेता है। जैसे वर्ष>वस्स>वास, इसमें स्स का व्यत्यय होकर मूस हो जाता है, (६) इसमें अकारान्त प्रातिपादिक से प्रथमा एकवचन में ए और ओ दोनों में अन्त होनेवाले रूप मिलते हैं। प्रायः नपुंसक लिंग प्रातिपादिक भी ये रूप ग्रहण कर लेते हैं, (७) पूर्वकालिक क्रिया के लिए इसका त्वा और त्य प्रत्यय त्ता और च्चा के रूप में सुरक्षित है। कहीं-कहीं इसी अर्थ में तुमुन् से उद्भूत दुम् या उम् का ही प्रयोग मिलता है। वाक्य रचना की दृष्टि से इसमें लम्बे वाक्य तथा गर्भ वाक्य बहुत अधिक मिलते हैं, साथ ही क्रिया से असम्बद्ध कारक भी अधिक मात्रा में मिलते हैं।

९.४ **मागधी**—संस्कृत-नाटकों में मागधी अधम पात्रों द्वारा प्रयोजित भाषा के रूप में निर्दिष्ट मिलती है। इसमें दन्त्य ध्वनियों की सुरक्षा एवं त्य प्रत्यय की बहुलता शौरसेनी से सामीप्य परिलक्षित होता है। इसकी अपनी अलग विशेषताएँ निम्नांकित हैं—

(१) र>ल तथा तीनो ऊष्मों के लिए श। जैसे राजा> लाजा और सुन्दरः>शुन्दले। (२) इसमें तालव्य अनुनासिक में व्यंजन का समीकरण हो जाता है। जैसे कन्यका>कञ्ञगा, पुण्य>पुञ्ञ (३) इसमें प्रायः ज और झ के लिए य और ह मिलते हैं और इनके उच्चारण संघृष्ट जैसे हैं। (४) इसमें च स्पष्ट तालव्य ध्वनि और कभी-कभी इसीलिए श्च या च्य के रूप में लिखा मिलता है। (५) अकारान्त प्रातिपदिक से प्रथमा एकवचन में एकारान्त रूप ही मिलता है, (६) अकारान्त प्रातिपादिक से षष्ठी एकवचन में आस से उद्भूत आह प्रत्यय मिलता है। जैसे चारुदत्तस्य>चालुदत्ताह, सप्तमी एकवचन का प्रत्यय आहि है। स्वार्थिक प्रत्यय क का प्रयोग बहुल है। सुबन्त प्रत्ययों का लोप भी बहुत है। इसकी चाण्डाली, शाबरी और शाकारी तीनों

विभाषाओं का उल्लेख प्राकृत वैयाकरणों ने किया है। चाण्डाली की मुख्य विशेषता ग्राम्य एवं अशिष्ट शब्दों का प्रयोग है और शाबरी की विशेषता सम्बोधन के अर्थ में लगा हुआ क प्रत्यय है। शाकारी या शकारी का प्रयोग मृच्छकटिक नाटक में खलनायक के लिए हुआ है।

९.५ **पैशाची**—पैशाची के प्रयोग के उदाहरण, जैसा पहले कहा जा चुका है, बहुत ही विरल हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पैशाची का सामीप्य पश्चिमोत्तर भाषा से था लेकिन इसकी कुछ विभाषाएँ मध्य देश में भी बोली जाती थीं। प्राकृत वैयाकरणों के अनुसार इसकी दो मुख्य विशेषताएँ हैं—(१) स्वर मध्यवर्ती घोष स्पर्शों का अघोषीकरण और (२) स्वर मध्यवर्ती स्पर्शों का लोप न होना। हेमचन्द्र ने प्राचीन भाषा का नाम चूलिका पैशाची दिया है। दूसरे वैयाकरणों ने पैशाची की तीन विभाषाएँ मानी हैं—कैकय, शौरसेन और पांचाल। कैकय संस्कृत और शौरसेनी का मिश्रित रूप है, शौरसेनी पैशाची की मुख्य विशेषताएँ ये हैं—(१) र के लिए ल (२) ष और स के लिए श (३) क्ष के लिए श्क (४) छ के लिए श्च (५) स्थ के लिए श्त (६) अनुनासिक प्रातिपदिक से प्रथमा एकवचन के प्रत्यय का लोप। पांचाल पैशाची, शौरसेनी पैशाची से अत्यन्त स्वल्प भेद रखती है।

९.६ इन साहित्यक प्राकृतों के उदाहरण पहली शताब्दी ईसा से लेकर १३वीं, १४वीं शताब्दी तक की रचनाओं में मिलते हैं। महाराष्ट्री प्राकृत में काव्य-रचना सातवाहन राजाओं के संरक्षण में पहली शताब्दी से चौथी शताब्दी तक होती रही है। बाद में प्राकृत भाषाओं को संरक्षण अन्हिलवाड़ा के चालुक्यों के यहाँ १०-१२ शताब्दी तक मिला है। संस्कृत-नाटक में प्रयुक्त प्राकृतों में एकरूपता न होने के कारण पाठ-शुद्धि की ओर निरन्तर अनवधानता ही रही है।

१०

अपभ्रंश

१०.० अपभ्रंश शब्द का सबसे पहला प्रयोग पतंजलि ने अपशब्द के अर्थ में किया है। उनकी दृष्टि में जो पाणिनीय के अनुसार असाधु शब्द हैं, वे ही अपभ्रंश माने जाने चाहिए। ईसा की छठीं शताब्दी में चण्ड ने प्राकृत लक्षण नामक काव्य में अपभ्रंश का प्रयोग के रूप में किया है। आचार्य भामह ने काव्यालंकार ग्रन्थ में संस्कृत एवं प्राकृतों के साथ अपभ्रंश को भी रखा है। ईसा की नवीं शताब्दी में अपभ्रंश के अनेक भेद बतलाये गये हैं। ईसा की ११वीं शती में पुरुषोत्तम ने अपभ्रंश को शिष्ट भाषा माना है और उन्होंने उसकी तीन मुख्य विभाषाओं के अनेक उदाहरण दिये—नागर, व्राचड और उपनागर। नागर मुख्य और सामान्य साहित्यिक भाषा थी, व्राचड प्राच्य भाषा थी और उपनागर इन दोनों के बीच की। इसके अलावा अपभ्रंश की वैदर्भी, लाटी, लट्टी, कैकेयी और गौड़ी तथा अन्य शैलियों के भी नाम गिनाये हैं। भरत के नाट्यशास्त्र में आभीरोक्ति के रूप में अपभ्रंश के प्राचीन उदाहरण मिले हैं और उनको उकारबहुल बताया गया है। लगता यह है कि भरत के समय तक तीसरी चौथी शताब्दी में उत्तर-पश्चिम में अपभ्रंश की विशेषताएँ अधिक विकसित थीं। इसकी पुष्टि निय प्राकृत की उकार-बहुलता से होती है। अपभ्रंश का जो साहित्य आज उपलब्ध है, उसकी रचना स्थान भी राजस्थान गुजरात, पश्चिमोत्तर भारत और बुन्देलखंड तक पश्चिम में बंगाल मिथिलापूर्व में दक्षिण में मान्य-

खेट तक विस्तृत है। १७वीं शती में मार्कण्डेय ने अपभ्रंश की २७ विभाषाएँ बतायीं। एक बात स्पष्ट है कि अपभ्रंश का सबसे अधिक विकास उत्तर पश्चिम में हुआ और यहीं की भाषा साहित्यिक अपभ्रंश बनी। आभीरों के साथ इसका सम्बन्ध भी यह है स्पष्ट करता है। छठीं शताब्दी से इनके बोले जानेवाले रूप का विकास इस प्रकार तीसरी चौथी शताब्दी से प्रारम्भ होकर नवीं शताब्दी तक और इसके साहित्यिक रूप का विकास नवीं शताब्दी से प्रारम्भ होकर १४वीं-१५वीं शताब्दी तक हुआ है। अपभ्रंश के बोला जानेवाला रूप के उदाहरण साहित्य शास्त्र के प्राचीन ग्रन्थों में तथा हेमचन्द्र के व्याकरण में तथा अनेक सूक्ति संग्रहों में मिलता है। उसके साहित्यिक रूप के उदाहरण सन्देह रासक (१२वीं शताब्दी), प्राकृत पैङ्गल एवं पुरातन प्रबन्ध संग्रह में (उत्तर पश्चिमी भाषा का) उक्तिव्यक्ति प्रकरण, कथाकोष एवं धूर्ताख्यानं में (कोशल की भाषा) तथा वर्ण रत्नाकर, कीर्तिलता एवं चर्यापदों में प्राच्य भाषा के उदाहरण मिलते हैं।

१०.१ अपभ्रंश की मूल विशेषताएँ ये हैं—(१) अन्त्य स्वरों का ह्रास और कहीं-कहीं लोप भी। (२) उपान्त्य स्वरों की मात्रा की रक्षा, (३) ऋ का पुनर्ग्रहण क्षतिपूर्ति के रूप में सानुनासिकता और निरनुनासिकता की प्रवृत्ति बहुत अधिक विकसित हो गयी है। जैसे पक्षिन् > पंखि, वक्र > वंक और सिंह > सीह, विंशति > वीस (४) व या य के लिए उ और इ (५) उपधा स्वर की सुरक्षा। जैसे गोरोचन > गोरोवण। कहीं-कहीं इसमें मात्रा परिवर्तन जरूर हो गया है स्वरूप > सरुअ। स्वराघात के प्रभाव के कारण उपधा स्वर में गुणात्मक परिवर्तन भी हुए हैं। जैसे खदिर > खयर, मध्यम > मज्झिव, उत्तम > उत्तिम। कहीं-कहीं अन्त्याक्षर में व्यंजन के लुप्त हो जाने पर उपधा और दन्त्य स्वर का प्रश्लेष भी हो गया है जैसे पानीय > पाणी। (६) आदि

व्यंजन का महाप्राणीकरण या संघर्षीकरण। जैसे कीलक> खिहिलयइं, ज्वलन> झलण, यमल> जमल स्वरमध्यवर्ती म के लिए वँ जैसे कमल > कवँल, पर यह सार्वत्रिक नहीं है। संयुक्ताक्षरों में र के साथ संयुक्ताक्षरों के पुनर्ग्रहण की प्रवृत्ति पायी जाती है। जैसे प्रिय> प्रिय। कहीं-कहीं र का आगम भी नये रूप में दृष्टिगोचर होता है। जैसे पश्यति> प्रस्सति, व्यास> ब्रास (७) ड द न र के लिए र या ल जैसे प्रदीप्त> पलित्त (प्राच्य भाषा में) जैसे नवतीत> लोंण (८) रूप संगठना में अपभ्रंश में सबसे अधिक परिवर्तन हुए। परिवर्तन के मुख्य दिशाएँ ये थीं— (१) सुबन्त प्रक्रिया बिलकुल नयी हो गयी और अब केवल तीन ही कारक समूह अपभ्रंश में उपलब्ध हैं—(१) कर्ता, कर्म और सम्बोधन के लिए एक रूप (२) करण, अधिकरण के लिए एक रूप (३) सम्प्रदान, सम्बन्ध और अपादान के लिए एक रूप। पहले वर्ग के लिए उ, ए, या ओ दूसरे वर्ग के लिए इ, इँ, ए, एँ, अहि, एहि, एँहि, इण, एण विभक्तियों का प्रयोग हुआ है और तृतीय वर्ग के लिए ह, हे, हु, हो रूप मिलता है। वैसे विभक्ति-लोप की प्रवृत्ति भी बहुत अधिक दिखलायी पड़ने लगी है। परसर्गों का प्रयोग इसी से अधिक विकसित हुआ। करण के अर्थ में सहुँ एवं तण का प्रयोग, सम्प्रदान के अर्थ में केहि और रेसि का प्रयोग, अपादान के अर्थ में होन्तउँ और होन्त का प्रयोग, सम्बन्ध के अर्थ में केरअ केर एवं केरा तथा अधिकरण के अर्थ में मज्झि, मज्झे एवं थिय का प्रयोग बहुलता से मिलने लगा है। सर्वनामों की रूप प्रक्रिया अत्यधिक परिवर्तित है। अदस् के लिए अपभ्रंश में ओइ और एतद् के लिए एह, युष्मत के लिए तुह ये नये प्रातिपदिक हैं, (१) धातु रूप प्रक्रिया में सरलीकरण की प्रवृत्ति और आगे बढ़ गयी। धातु का रूप केवल भ्वादिगण पर ही आधृत हो गया। अनुरणनात्मक और नाम धातुओं का प्रयोग और भी

अधिक बढ़ गया। तिङन्त के स्थान पर कृदन्त रूप का व्यवहार प्राकृत की अपेक्षा ही बढ़ गया और तिङन्त रूप केवल वर्तमान और भविष्यत् तक ही सीमित रह गया। अच्छामि अहइ जैसी सहायक क्रियाओं के रूप स्वीकृत हो गये। पूर्वकालिक क्रिया के लिए इ, यु, ई, अवि, एव्वि, एप्पिणु, एवि, एविणु ये अनेक प्रत्यय अपनाए गए। (३) नपुंसक लिंग पुलिंग और कहीं-कही स्त्री-लिंग में विलीन होने लगे हैं। (४) छन्द की भाषा में अन्त्यानुप्रास नियम के रूप में स्वीकृत हो गया है। स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में डी, डा और उल्ल बहुलता से प्रयुक्त हुए हैं। (५) प्राचीन धातुओं के स्थान पर नवीन धातु रूप स्वीकृत हो गया, जैसे वद् > बोल्ल, मुच के > मेल्ल। (६) अपभ्रंश में शब्द समूह की दृष्टि से दो परिवर्तन हुए—(१) एक तो संस्कृत से बहुत से शब्द पुनः लिये गये और (२) दूसरे देशी एवं विशेष भाषाओं से शब्द लिये गये। व्याकरण संस्कृत से नये लिये गये वर्ण संघटनाओं की संख्या प्राकृत के विकास क्रम में न होकर नयी है। (७) आधुनिक भाषाओं के बहुत-से मुहावरों का जन्म इसी काल में हुआ। एक तरहसे आधुनिक भाषाओं का विकास विन्यास अपभ्रंश में वाक्य विन्यास पर ही आधारित है, अपभ्रंश काल में वाक्य में पदों का क्रम भी महत्त्व रखने लगा। यह प्रवृत्ति विभक्ति-लोप का सहज परिणाम थी। अपभ्रंश का महत्त्व इसी-लिए एक संक्रान्तिकालीन भाषा के रूप में बहुत बड़ा है। अपभ्रंश आधुनिक आर्यभाषाओं और मध्य भारतीय आर्यभाषाओं के बीच की कड़ी है। वह मध्यभारतीय भाषा के विकास का अन्तिम सोपान और आधुनिक आर्यभाषा के विकास का प्रथम अध्याय—दोनों है।

---

1. मायादेविया सुपिनं

तदा किर कपिलवत्थु नगरे आसाळ्हिनक्खत्तं घुट्ठं अहोसि। महाजनो नक्खत्तं कीळेति। महामायादेवी पुरे पुण्णमाय सत्तमदिवसतो पट्ठाय विगतसुरापानं मालागन्धविभूतिसम्पन्नं नक्खत्तकीळं अनुभवमाना सत्तमदिवसे पातो व उट्ठाय गन्धोदकेन नहायित्वा चत्तारि सतसहस्सानि विस्सज्जेत्वा महादानं दत्वा सब्बालंकारविभूसिता वरभोजनं भुञ्जित्वा उपोसथङ्गानि अधिट्ठाय अलंकतपटियत्तं सिरिगब्भं पविसित्वा सिरिसयने निपन्ना निद्दं ओक्कममाना इदं सुपिनं अदस्स—चत्तारो किर नं महाराजानो सयनेनेव सद्धिं उक्खिपित्वा हिमवन्तं नेत्वा सट्ठियोजनिके मनोसिलातले सत्तयोजनिकस्स महासालरुक्खस्स हेट्ठा ठपेत्वा एकमन्तं अट्ठंसु। अथ नेसं देवियो आगन्त्वा देविं अनोतत्तदहं नेत्वा मानुसमलहरणत्थं नहायेत्वा दिब्बवत्थं निवासापेत्वा गन्धेहि विलिम्पापेत्वा दिब्बपुप्फानि पिलन्धापेत्वा—ततो अविदूरे रजतपब्बतो, तस्स अन्तो कनकविमानं अत्थि—तत्थ पाचीनसीसकं दिब्बसयनं पञ्ञापेत्वा निपज्जापेसुं। अथ बोधिसत्तो सेतवरवारणो हुत्वा—ततो अविदूरे एको सुवण्णपब्बतो—तत्थ चरित्वा ततो ओरुय्ह रजतपब्बतं अभिरुहित्वा उत्तरदिसतो आगम्म रजतदामवण्णाय सोण्डाय सेतपदुमं गहेत्वा कोञ्चनादं नदित्वा कनकविमानं पविसित्वा मातुसयनं तिक्खत्तुं पदक्खिणं कत्वा दक्खिणपस्सं ताळेत्वा कुच्छिं पविट्ठसदिसो अहोसि। एवं उत्तरासाळ्हनक्खत्तेन पटिसन्धिं गण्हि। पुनदिवसे पबुद्धा देवी तं

2. गोतमस्स उप्पादो

महामाया देवी पत्तेन तेलं विय दसमासे कुच्छियां बोधिसत्तं परिहरित्वा परिपुण्णगब्भा ञातिवरं गन्तुकामा सुद्धोदन-महाराजस्स आरोचेसि इच्छाम'हं देव कुलसन्तकं देवदहनगरं गन्तु' न्ति। राजा साधू'ति सम्पटिच्छित्वा कपिलवत्थुतो याव देवदहनगरा मग्गं समं कारेत्वा कदलिपुण्णघटधजपताका-दीहि अलंकारापेत्वा देविं सोवण्णसिविकाय निसीदापेत्वा अमच्चसहस्सेन उक्खिपापेत्वा महन्तेन परिवारेन पेसेसि। छिन्नं पन नगरानं अन्तरे उभयनगरवासीनम्पि लुम्बिनीवनं नाम मङ्गलसालवनं अत्थि। तस्मिं समये मूलतो पट्ठाय याव अग्गसाखा सब्बं एकफालिफुल्लं अहोसि, साखन्तरेहि चे'व पुप्फन्तरेहि च पञ्चवण्णभमरगणा नानप्पकारा च सकुनसङ्घा मधुरस्सरेन विकूजन्ता विचरन्ति। सकलं लुम्बिनीवनं चित्तलतावनसदिसं महानुभावस्स रञ्ञो सुसज्जितआपानमण्डलं विय अहोसि। देविया तं दिस्वा सालवनकीळं कीळितुकामता उदपादि। अमच्चा देविं गहेत्वा सालवनं पविसिंसु। सा मङ्गलसालमूलं गन्त्वा साल-साखायं गण्हितुकामा अहोसि। सालसाखा सुसेदितवेत्तग्गं विय ओनमित्वा देविया हत्थपथं उपगञ्छि। सा हत्थं पसारेत्वा साखं अग्गहेसि। तावदेव च'स्सा कम्मजवाता चलिंसु। अथ'स्सा साणिं परिक्खिपित्वा महाजनो पटिक्कमि। सालसाखं गहेत्वा तिट्ठमानाय एव च'स्सा गब्भवुट्ठानं अहोसि। तं खणं येव चत्तारो पि सुद्धचित्ता महाब्रह्मानो सुवण्णजालं आदाय संपत्ता, तेन सुवण्णजालेन बोधिसत्तं संपटिच्छित्वा मातुपुरितो

